श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 231, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 17 सितंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योग: साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।

क्रियायोग

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास



# समरकंद में भारत की 'सॉलिड कूटनीति'

## भारत सदस्य देशों के बीच अधिक सहयोग और आपसी विश्वास का समर्थन करताः पीएम

**समरकंदः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कोरोना महामारी और यूक्रेन संकट के कारण दुनिया की आपूर्ति श्रृंखला में अनेक बाधाएं पैदा हुई हैं, जिनसे उभरने के लिए भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने के प्रयास होने चाहिए। मोदी ने उज्बेकिस्तान के समरकंद में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखर वार्ता में शुक्रवार को अपने संबोधन में कहा कि आपूर्ति श्रृंखला में बाधा के कारण पूरा विश्व अभूतपूर्व ऊर्जा और खाद्य संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन क्षेत्र में विश्वस्त टिकाऊ और विविधतापूर्ण आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए संपर्क सुविधाओं में विस्तार की जरूरत होगी। इसे कारगर बनाने के लिए यह भी जरूरी है कि एससीओ के सदस्य देश एक-दूसरे को माल की ढुलाई के लिए आवागमन की सुविधा दें। प्रधानमंत्री ने कहा कि है। इस संबंध में संघाई सहयोग संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका है। विश्व के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एससीओ सदस्य देशों का लगभग 30 प्रतिशत योगदान है। एससीओ सदस्य देशों में दुनिया की 40 प्रतिशत जनसंख्या रहती है। भारत सदस्य देशों के बीच अधिक सहयोग और आपसी विश्वास का समर्थन करता है। प्रधानमंत्री ने भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी से हो रही वृद्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत में इस वर्ष आर्थिक वृद्धि की दर 7.5 प्रतिशत होने की आशा है, जो विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों में सबसे अधिक होगी। भारत में जनकेंद्रित विकास का मॉडल अपना जा रहा है तथा प्रौद्योगिकी के उचित इस्तेमाल पर बहुत जोर दिया जा रहा है। मोदी ने कहा कि भारत एक उत्पादनकर्ता देश (मैन्युफैक्चरिंग हब) बनाने की दिशा में प्रगति हो रही है। इस संबंध में भारत के पास युवा और प्रतिभाशाली मानव शक्ति है जो हमें स्वाभाविक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाती है। भारत में प्रत्येक क्षेत्र में नवाचार (इनोवेशन) को बढ़ावा दिया जा रहा है। आज भारत में 70 हजार से अधिक स्टार्ट-अप हैं जिनमें से 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं। भारत का यह अनुभव एससीओ सदस्य देशों के काम आ सकता है।



**भारत विश्व के मेडिकल टूरिज्म के लिए सबसे उचित डेस्टिनेशनः मोदी**
विश्व आज एक और बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है, वो है नागरिकों की खाद्य सुरक्षा निश्चित करना। इसका समाधान मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देना है। ये विश्व के कई हिस्सों में हजारों सालों से उगाया जा रहा है। ये खाद्य का उत्तम साधन है। 2023 को ईयर ऑफ मिलेट्स के तौर पर मनाया जाएगा। भारत विश्व के मेडिकल टूरिज्म के लिए सबसे उचित डेस्टिनेशन है। हमने गुजरात में ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन का उद्घाटन किया। हमें रउड देशों के बीच ट्रेडिशनल मेडिसिन पर सहयोग बढ़ाना चाहिए। भारत इसके लिए पहल करेगा।

### हम भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब में बदलना चाहते हैं: मोदी



**पीएम** ने कहा कि हम भारत को मैन्युफैक्च रिंग हब में बदलना चाहते हैं। भारत का युवा और वर्क फोर्स उसे स्वाभाविक रूप से कॉम्पिटिटिव बनाता है। अर्थव्यवस्था में 75% वृद्धि की आशा है, जो दुनिया की बड़ी इकोनॉमी में सबसे ज्यादा है। टेक्नोलॉजी के उचित उपयोग पर भी फोकस किया जा रहा है।

हम इनोवेशन का समर्थन कर रहे हैं। भारत में 70 हजार से अधिक स्टार्टअप हैं, इनमें 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न हैं। हम नए स्पेशल वर्किंग ग्रुप की स्थापना करके एससीओ सदस्यों के साथ अपना अनुभव साझा करने के लिए तैयार हैं।

प्रधानमंत्री ने इस संबंध में स्टार्ट-अप और इनोवेशन के लिए एक विशेष कार्यदल की स्थापना तथा एससीओ सदस्य देशों के साथ अपने अनुभव साझा करने की पेशकश की। मोदी ने दुनिया में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बाजरा जैसे अनाजों (मिलेट) की खेती को बढ़ावा दिये जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# कौशाम्बी पुलिस ने बरामद की 95 करोड़ कीमत की अष्टधातु की मूर्ति

## अष्टधातु की दो प्राचीन मूर्तियों के साथ 10 मूर्ति तस्करो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी । अखंड भारत संदेश न्यूज**

जिले की पुलिस के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है महेवाघाट पुलिस ने अमूल्य धरोहर दो अष्टधातु की मूर्तियों को बरामद किया है एक मूर्ति टुकड़ों में बटी हुई है और दूसरी मूर्ति ठाकुर जी की है जिनकी कीमत 95 करोड़ रुपए बताई जाती है पुलिस ने मूर्तियों के साथ 10 मूर्ति तस्करों को गिरफ्तार किया है लिखा पढ़ी करने के बाद पुलिस ने मूर्ति तस्करो को अदालत में पेश किया है मूर्ति बरामदगी की जानकारी पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता के दौरान दी है ।जानकारी के मुताबिक 15 वर्ष पूर्व मूर्ति तस्करों ने किसी मंदिर से प्राचीन अमूल्य धरोहर अष्टधातु मूर्ति की चोरी की थी मूर्ति चोरी करने वाले तस्कर लगातार उसे एक स्थान से दूसरे स्थान पर छिपाते रहे बेचने की फिराक में लगे रहे मूर्ति तस्कर खरीद करने वाले केरल के एक व्यापारी से मूर्ति तस्करो का सौदा हो गया 25 करोड़ रुपए कीमत में मूर्ति तस्कर मूर्ति को केरल के व्यापारी के हाथ बेचने जा रहे थे महेवाघाट पुलिस गुरुवार की रात्रि गशत पर थी संदिग्ध व्यक्तियों की पुलिस तलाश कर रही थी इसी दौरान यमुना नदी के पास पुलिस को एक संदिग्ध



वाहन दिखाई पड़ा पुलिस ने वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली मूर्ति तस्करों के वाहन में पुलिस ने छापेमारी की छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो अष्टधातु की बेसकीमती मूर्ति,6 अदद मोबाइल के साथ 10 मूर्ति तस्करो को गिरफ्तार किया है।अष्टधातु की मूर्ति की तस्करी में लिप्त लोगों में उस्मान उल्लाह उर्फ चांद बाबू पुत्र इरफान उल्ला नया नगर प्रथम मंझनपुर जनपद कौशाम्बी रामकिशोर विश्वकर्मा पुत्र भाऊवा निवासी ग्राम रानीपुर थाना कमासिन जनपद बांदा मुसद्दर पुत्र झल्लर विश्वकर्मा निवासी गौहनी भुजौली थाना राजापुर जनपद



चित्रकूट ननका पुत्र शंभू विश्वकर्मा निवासी नांदीन कुर्मियान थाना राजापुर जनपद चित्रकूट नीरज विश्वकर्मा पुत्र रामदीन विश्वकर्मा निवासी पहाड़ी रोड कर्वी जनपद चित्रकूट राम प्रसाद विश्वकर्मा उर्फ राजा विश्वकर्मा पुत्र रामदीन विश्वकर्मा निवासी पहाड़ी रोड कर्वी जनपद चित्रकूट जितेंद्र कुमार पासी पुत्र धर्मदास पासी निवासी बिसारा रेवरीपर थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी बाबूजी सोनकर पुत्र नत्थू सोनकर निवासी कारखाना राजापुर जनपद चित्रकूट संतोष कुमार पटेल पुत्र केदारनाथ निवासी बरबदा थाना मोहम्मदपुर पाइंसा जनपद चित्रकूट विपिन कुमार शुक्ला पुत्र अशोक कुमार शुक्ला निवासी लौंगावा थाना महेवा घाट जनपद कौशांबी को पुलिस ने मूर्ति तस्करी के मामले में गिरफ्तार कर लिया है ।एसपी हेमराज मीणा ने बताया कि यह सभी आरोपी बेसकीमती प्राचीन धरोहर अष्टधातु मूर्तियों को बेचने की फिराक में थे,तभी पुलिस ने धर दबोचा पकड़े गए मूर्ति तसजरो ने बताया की 15 वर्ष पहले जिले में किसी मंदिर के पास से यह अष्टधातु की मूर्तियां चोरी की गई थी।

15 वर्ष पहले तीन चोरों ने इन मूर्तियों की चोरी की थी, जिनमे से दो चोरों की मौत हो चुकी है।उन्होंने बताया की दोनों मूर्तियां को चित्रकूट जिले के रैपुरा थाना अंतर्गत भुजैनी गांव में चोरों ने 10 वर्षों तक मिट्टी के अंदर छुपा कर रखा था एसपी ने बताया कि इन मूर्तियों में एक मूर्ति ठाकुर जी का वजन लगभग 62 किलो अष्टधातु एवम दूसरी मूर्ति टुकड़ो में का वजन लगभग 46 किलो अष्टधातु के आसपास है पकड़े गये अभियुक्तों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में कार्यवाही की जा रही है।

# भाजपा के होंगे कैप्टन अमरिंदर



**चंडीगढ़ः** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह 19 सितंबर को भाजपा में शामिल होंगे। अमरिंदर सिंह उसी दिन अपनी 'पंजाब लोक कांग्रेस' (पीएलसी) पार्टी का भी भाजपा में विलय करेंगे। कैप्टन के साथ उनके करीबी पंजाब के 5-6 पूर्व मंत्री भी बीजेपी की सदस्यता लेंगे। भाजपा पंजाब में पार्टी के पुनर्गठन की तैयारी में हैं, क्योंकि वर्तमान भाजपा प्रदेश प्रधान अश्वनी शर्मा का कार्यकाल खत्म होने वाला है। ऐसे में पंजाब लोक कांग्रेस का बीजेपी में विलय होने के बाद पार्टी नेतृत्व कैप्टन और उनके करीबियों को पंजाब में अहम जिम्मेदारियां सौंप सकता है। जनवरी-2020 में पंजाब भाजपा इकाई के प्रधान बने अश्वनी शर्मा का 3 साल का कार्यकाल जनवरी-2023 में खत्म रहा है। हालांकि कैप्टन के पार्टी जॉइन करने और पीएलसी के विलय के बाद भाजपा हाईकमान उससे पहले ही नई राज्य कार्यकारिणी का ऐलान कर सकता है।

**मोदी-शाह से मीटिंग के बाद शुरू हुई चर्चाएंः** कैप्टन अमरिंदर सिंह की पीएलसी के भाजपा में विलय की **चर्चाओं** ने उस समय जोर पकड़ा, जब कैप्टन ने महीनेभर पहले दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से तकरीबन पौने घंटे तक मीटिंग की थी।हालांकि मीटिंग के बाद कैप्टन ने बाहर निकलकर पंजाब लोक कांग्रेस (पीएलसी) के बीजेपी में विलय संबंधी सवाल को नकारते हुए इसे केवल अटकलें बताया था। उसके बाद 30 अगस्त को अमरिंदर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम के साथ मीटिंग के बाद कैप्टन ने ट्विटर पर लिखा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात करके पंजाब के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करके राज्य और देश की सुरक्षा के लिए संयुक्त रूप से काम करने का संकल्प लिया।

# पेटीएम-रेजरपे समेत कई कंपनियों के 46 करोड़ फ्रीज



**नई दिल्लीः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चाइनीज लोन ऐप मामले में हालिया छापेमारी के बाद कड़ा एक्शन लिया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने विभिन्न बैंक खातों और ईजीबज, रेजरपे, कैशफ्री और पेटीएम के वर्चुअल खातों में रखे 46.67 करोड़ रुपये को फ्रीज कर दिया है। ईडी ने शुक्रवार को दी जानकारी में बताया है कि चाइनीज ऐप मामले में की गई कार्रवाई में विभिन्न बैंक खातों और वर्चुअली अकाउंट्स में करीब 46.67 करोड़ रुपये की कुल राशि को फ्रीज किया गया है। जांच एजेंसी के मुताबिक ईजबज प्राइवेट लिमिटेड, पुणे के पास कुल 33.36 करोड़ रुपये मिले है।

# यूक्रेन से लौटे छात्रः केंद्र को पोर्टल बनाने की सलाह

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने यूक्रेन से लौटे मेडिकल छात्रों का दूसरे देशों में दाखिला आसान करने के लिए केंद्र सरकार को पोर्टल बनाने का सुझाव दिया है। इस मामले पर अगली सुनवाई 23 सितंबर को होगी। केंद्र सरकार ने अपने जवाब में कहा है कि ये छात्र या तो नीट में कम अंक के चलते वहां गए थे या सस्ती पढ़ाई के लिए। इन छात्रों का भारत में दाखिला कानूनन संभव नहीं है। केंद्र सरकार ने कहा है कि ये छात्र यूक्रेन के कॉलेज से सहमति लेकर दूसरे देशों में डिग्री पूरी करें। पांच



सितंबर को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि विदेश मंत्रालय यह विषय देख रहा है। हो सकता है कि छात्रों के लिए कुछ सकारात्मक कदम उठाया जाए। 26 अगस्त को कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि यह सरकार को तय करना है कि क्या भारत के कॉलेजों में इतनी जगह है और क्या नियमों के तहत इन्हें भारत में दाखिला दिया जा सकता है। याचिका पार्थवी आहूजा और प्राप्ति सिंह ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि यूक्रेन में स्थिति सामान्य होने की अभी कोई संभावना नहीं है। हजारों छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। यूक्रेन से लौटे छात्रों को प्रवेश नियमों में छूट देकर सरकारी और निजी कॉलेजों में जगह दी जाए।

# हैदराबाद में शाह की 'शतरंज', निशाने पर केसीआर

**तेलंगानाः** भाजपा ने 'तेलंगाना' में अपनी सियासी जमीन को मजबूत करने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। इसकी शुरूआत 'तेलंगाना मुक्ति दिवस' यानी 17 सितंबर से हो रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का शुक्रवार रात को हैदराबाद पहुंचने का कार्यक्रम है। वे परेड ग्राउंड में आयोजित 'तेलंगाना मुक्ति दिवस' कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। चूंकि 17 सितंबर को ही प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन है, इसलिए अमित शाह हैदराबाद में दिव्यांगों के लिए एक खास कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। इसमें वे दिव्यांगों को जरूरी उपकरण प्रदान करेंगे तो वहीं सरकारी स्कूलों और सामुदायिक होस्टलों के लिए टॉयलेट क्लीनिंग मशीन वितरित की जाएंगी। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री, राष्ट्रीय पुलिस अकादमी स्थित 'शहीद



स्मारक' पर पहुंचेंगे। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि शाह अपने इन कार्यक्रमों के जरिए मुख्यमंत्री केसीआर पर निशाना साधेंगे, तो वहीं 2023 में होने वाले विधानसभा के लिए भाजपा की जमीन मजबूत करेंगे।

**2018 में भाजपा के खाते में आई थी एक सीटः** दक्षिण भारत में 'भगवा' के आगे बढ़ने की बात करें, तो उसमें भाजपा को अभी तक कोई बड़ा सफलता नहीं मिल सकी है। कर्नाटक को छोड़कर दूसरे किसी राज्य में भाजपा के हाथ ज्यादा कुछ नहीं लगा। तेलंगाना में 2018 के दौरान हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के खाते में केवल एक सीट आई थी। तेलंगाना राष्ट्रवादी समिति ने 46.87 फीसदी मतों के साथ सरकार बनाई थी। कांग्रेस पार्टी को 28.43 फीसदी मत मिले थे, जबकि चंद्रबाबू नायडू की तेलगुदेशम पार्टी को 3.51 फीसदी और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के हिस्से में 2.71 फीसदी वोट आए थे। भाजपा को 6.98 फीसदी वोट मिले थे। यहां 2023 में विधानसभा चुनाव हैं, तो उसके अगले साल लोकसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में भाजपा का प्रयास है कि विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन किया जाए। 2019 में भाजपा को पहली बार चार लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हुई थी।

# भारत सबसे अधिक बेरोजगारी दर का सामना कर रहाः राहुल गांधी

**कोल्लमः** राहुल गांधी देश में महंगाई, बेरोजगारी आदि मुद्दों को लेकर भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। इस बीच वह केंद्र सरकार पर भी जमकर बरस रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत पिछले 45 वर्षों में सबसे अधिक बेरोजगारी दर का सामना कर रहा है और यह कांग्रेस पार्टी का कर्तव्य है कि वह युवाओं के भविष्य को मजबूत करे और देश में युवाओं के मन में सकारात्मकता लाए।



**हम अपने युवाओं की ऊर्जा का सही इस्तेमाल करेंः** भारत जोड़ो यात्रा के आज नौ दिन पूरे हो गए हैं यात्रा आज केरल के कोल्लम से होकर गुजर रही है। राहुल गांधी ने अपनी फेसबुक पोस्ट में लिखा कि हमारा देश एक युवा देश है,

## खबर संक्षेप

### प्रतिभा सम्मान एवम चेक वितरण का आयोजन 25 सितंबर को

**जसरा।** मेधावी एवम निर्धन विद्यार्थियों की मदद करने से पुण्य की प्राप्ति तो होती हैं इससे सामाजिक दशा एवम दिशा मे सकारात्मक परिवर्तन होते हैं।समाज के सभी जरुरतमंद विद्यार्थियों की मदद करने के लिए आराध्या फाउंडेशन सदैव ही समर्पित भाव से खड़ा रहा हैं। उक्त बातें आराध्या फाउंडेशन की अध्यक्ष एवम इलाहाबाद विश्वविद्यालय मे मानव विज्ञान की प्रोफेसर डा. आराध्या सिंह नें शुक्रवार को 101मेधावियों की सूची जिन्हे लैपटाप एवम उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग हेतु चेक वितरित किया जाना हैं। आगे उन्होंने यह भी जानकारी प्रदान करते हुए बोली कि उक्त सभी वितरण कार्यक्रम 25सितंबर को पंडित दीन दयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे वितरित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम जनपद मे बाढ़ एवम आगामी तीन दिनों बारिश के हाई अलर्ट को लेकर यह कार्यक्रम प्रशासनिक दिशा निर्देशों के 25सितंबर को आयोजित होगा। आराध्या फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा सभी लाभर्थियों से उक्त तिथि पर पधारने एवम आम जनों से सहयोग की अपील किया गया हैं।

# कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबकर दो बच्चों की मौत

## डीएम एवं एसएसपी मौके पर पहुंचे, डीएम ने 4 - 4 लाख रुपए एवं आवास देने की घोषणा किया



हादसे के बाद घटनास्थल मृतक के घर पहुंचे डीएम एसपी



हादसे के बाद रोते बिलखते परिजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापपुर।** सरायममरेज थानांतर्गत छतौना गांव में बारिश के कारण कच्चे मकान की दीवार भीगकर कमजोर हो गई थी और शुक्रवार को अचानक गिर गई जिसमें दबने के कारण ननिहाल आए दो बच्चों की मौके पर मौत हो गई।सूचना पर डीएम संजय खत्री एवं एसएसपी शैलेश पांडेय ने परिजनों को आर्थिक मदद एवं आवास देने की घोषणा किया। छतौना गांव में घर के पास खेल रहे 5 वर्षीय अमित शर्मा पुत्र मंगला प्रसाद शर्मा व 4 वर्ष की श्रेया शर्मा पुत्री अभयराज शर्मा के उपर कच्ची दीवार गिरने से मौके पर मौत हो गई ' शोर-शराबा होने पर भाग दौड़ कर आए ग्रामीणों ने तत्काल पूरे मामले की सूचना सरायममरेज थानाध्यक्ष को दिया। मयफोर्स के साथ थानाध्यक्ष तरुणेंद्र त्रिपाठी, एसडीएम हंडिया रमेश मौर्य ग्रामीणों की मदद से दीवार हटवा कर बच्चों को बाहर निकलवाया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर ले गए जहां पर डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया।मामले की जानकारी होते ही जिलाधिकारी प्रयागराज संजय खत्री और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज शैलेश कुमार पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक गंगापार अभिषेक अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे। डीएम ने परिजनों को आश्वासन देते हुए कहा कि दोनों मृतक बच्चों के परिजनों को चार चार लाख रुपए दिए जाएंगे और साथ ही उन्हें आवास भी आवंटित कराया जाएगा।अगर उनके पास मकान बनाने के लिए जमीन नहीं है तो पीड़ितों को आवासीय पट्टा भी किया जाएगा साथ ही हम से जो भी मदद हो सकेगी हम सहयोग करेंगे।

### विधायक प्रतिनिधि चुने जाने पर लोगों में हर्ष



**जसरा।** विधायक बारा डा०वाचस्पति द्वारा सभी सरकारी विभागों में अपने द्वारा प्रतिनिधियों की नियुक्ति किया है। जिससे विधानसभा के लोगों को हो रही समस्याओं से छुटकारा मिल सके। साथ ही संबंधित अधिकारियों से लगातार प्रतिनिधियों के माध्यम से संवाद बना रहे। इसी क्रम में जलनिगम / पेयजल का प्रतिनिधि आलोक पाठक, मंडी समिति का जगत नारायण शुक्ल ,आशीष सोनकर प्रधान जसरा व सतीश साहू,नीरज केसरवानी के साथ ही समाज कल्याण विभाग का प्रतिनिधि दीपचन्द्र मोदनवाल को बनाया गया है। विधायक बारा डा०वाचस्पति ने कहा कि इन सबके द्वारा बारा विधानसभा के लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान हो सकेगा। मनोनयन पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजाबाबू पाठक,मुन्ना सिंह गहलौत, प्रीतम केसरवानी, ब्रह्मदत्त पाठक, मुन्ना पाठक, आकाश केसरवानी, जय मिश्रा, बीरेन्द्र पाठक, बच्चा मालवीय, कुलभूषण मिश्र, अभय मिश्र सहित दर्जनों लोगों ने विधायक के प्रति आभार प्रकट किया है।

## न्यूज झरोखा

### वाहन की टक्कर से गोवंश की मौत, पर पुलिस एवं समाजसेवी ने करवाया दफन



**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा कला गांव के सामने प्रयागराज मिजार्पुर हाईवे पर शुक्रवार को अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से गोवंश की मौत हो गई थी। जिसकी जानकारी पशु व परिंदों के रक्षक समाजसेवी देवी शंकर पटेल को हुई तो अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां समाजसेवी ने घटना की जानकारी फोन के माध्यम से मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज डॉ आर पी राय को दिया । घंटो बाद मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर पशु चिकित्सक विजय शंकर, चौकी प्रभारी रामबहादुर के साथ ग्राम प्रधान कचरी धर्मराज पटेल मौके पर पहुंचे। जहां जेसीबी मशीन से हाईवे से 500 मीटर की दूरी पर गड्ढा खोद कर गोवंश के ऊपर चादर व फूल अगरबत्ती चढ़ाकर दफन कर दिया गया। गोवंश को दफन करते वक्त उपस्थित लोगों के आंखें नम हो गई। समाजसेवी देवीशंकर पटेल ने बताया कि वह कई वर्षों से पशु पक्षी व बेजुबान जानवरों के प्रति अपने जीवन को समर्पित कर निस्वार्थ भाव से उनकी सेवा करते चले आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि गाय यहीं पर पड़ी रहेगी तो जानवर व पक्षी उस पर हमला करेंगे। जबकि सनातन धर्म में गाय को गौ माता बताया गया है। मां की सेवा करना एक पुत्र का धर्म है। जिस मौके पर ज्ञान सिंह, बालेंद्र कुमार, विकास पटेल, नान पटेल, विकास भारतीय आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम ने की पीस कमेटी की बैठक, शांति और सौहार्द से त्यौहार मनाने की अपील



**शंकरगढ़।** चेहल्लुम, शारदीय नवरात्रि, दशहरा और दीपावली के मद्देनजर शुक्रवार को शंकरगढ़ थाने में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम बारा शुभम यादव ने कहा कि त्योहार किसी भी धर्म के हों, सभी आपसी मेलजोल और शांति-सद्भावना की सीख देते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए सभी लोग आगामी आने वाले दिनों में त्योहार मनाएं। यदि किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो तत्काल स्थानीय पुलिस व तहसील प्रशासन से शिकायत कर सकते हैं। थाना परिसर शंकरगढ़ में आयोजित बैठक में एसडीएम ने क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं भी सुनीं और उनके निदान का आश्वासन दिया। एसओ मनोज कुमार सिंह ने कहा कि शंकरगढ़ पुलिस क्षेत्रवासियों के लिए 24 घंटे उपलब्ध है। किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल संपर्क करें। उन्होंने बच्चा चोरी की अफवाहों से बचने की अपील की। एसओ मनोज कुमार सिंह ने कहा कि शारदीय नवरात्रि में पूजा पंडालों की स्थापना के लिए समिति बनाई जाए और उसकी निगरानी में ही पूजा-अर्चना की जाए। बैठक में बिजली, पानी, साफ-सफाई समेत अन्य मुद्दों पर समस्याएं भी उठाई गईं, जिनके निदान का आश्वासन एसडीएम समेत अन्य विभागीय अधिकारियों ने दिया। बैठक में उपनिरीक्षक ऋतुराज सिंह, एसआई अजीत कुमार वर्मा, बिजली विभाग के अवर अभियंता रविप्रकाश, व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, रतन केसरवानी, उपाध्यक्ष जय केसरवानी, विहिप नगर अध्यक्ष सुजीत केसरवानी, अरविंद केसरवानी, अनुज गुप्ता, राजेश केसरवानी, मनोज कुमार, प्रधान प्रतिनिधि में परमेश्वर सिंह,गुलाब सिंह, डॉ मंगलेश, प्रधान सुभाष कुमार, फैजान अहमद नगर पंचायत से मनीष कुमार,अखिलेश, दीपू शुक्ला समेत तमाम लोग शामिल हुए।

### एनसीसी के अधिकारी का तिलक इंटर कालेज में हुआ स्वागत



**झूंसी।** 15 यूपी बटालियन के कमानाधिकारी कर्नल पीयश महापात्रा शुक्रवार को तिलक इण्टर कालेज कोटवा मे स्थापित एनसीसी कम्पनी का दौरा किया। कालेज पहुचने पर कालेज के प्रधानाचार्य एवं एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट मनोज कुमार सिंह ने बुके देकर स्वागत किया वही कालेज के एनसीसी कैडेटो ने सीनियर अण्डर अफसर प्रदीप सोनकर एवं सुरभी सिंह के अगुवाई में कमानाधिकारी कर्नल पीयश महापात्रा को सलामी दी। जिसके बाद कमानाधिकारी ने कालेज में एनसीसी आफिस, स्टोर रुम, परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया। वीजिटर बुक में शुभकामनायें व्यक्त की। इस अवसर पर सूबेदार विनोद कुमार, कैडेट विशाल यादव, श्रद्धा पाण्डेय, सबा बानो, हर्ष कुमार, अमित बेनवंशी आदि उपस्थित रहे।

### छात्र ने पेश की ईमानदारी की मिशाल




**झूंसी।** स्कूल जा रहे छात्र को मिले पर्स को लौटा कर छात्र ने इमानदारी की मिसाल पेश की है। पटेल नगर स्थित मुंशी रामानंद सिंह स्कूल एंड कॉलेज का छात्र अतुल यादव शुक्रवार स्कूल आ रहा था जिसे अंदावा में एक पर्स मिला जिसे अतुल ने स्कूल के शिक्षक को सौप दिया। शिक्षक राघवेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मिले पर्स में 400 रुपये व आधार कार्ड और जरूरी कागजात थे। पर्स में एक मोबाईल नंबर मिला उसपर फोन कर पर्स मिलने की जनकारी दी गई। पर्स बदलापुर निवासी ट्रक चालक राम जनक यादव का था उसे स्कूल बुलाकर पर्स सौप दिया गया। छात्र के इस इमानदारी पर स्कूल के प्रबन्धक अरविन्द सिंह उसे पुरस्कृत करते हुए सभी को छात्र अतुल से सिख लेने की बात कही।

# अज्ञात युवक की हत्या कर शव नहर में फेंक कर बदमाश भाग निकले

## मऊआइमा के ग्राम गमरहटा में सुबह चौकीदार ने पुलिस को सूचना दी

अखंड भारत संदेश



लाश देखते हुए ग्रामीण व राहगीर

**मऊआइमा।** मऊआइमा के ग्राम गमरहटा स्थित नहर में एक अज्ञात युवक की लाश पानी में तैरती हुई देखी गई। चौकीदार की सूचना पर स्थानीय लोग व थाने की पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को बाहर निकलवाया जहां युवक का चेहरा धारदार हथियार से गोदा गया था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गमरहटा में शुक्रवार को सुबह नहर में एक शव तैरता देख कर इसकी सूचना चौकीदार रूपनाथ यादव ने मऊआका थाने को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव नहर से निकलवाया। तथा घंटों शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की परन्तु कोई पता नहीं चला। इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह ने बताया कि मृतक की कहीं हत्या कर शव नहर में फेंकी गई है। चूंकि चेहरे और गर्दन , आंख में धारदार हथियारों से पहले कहीं हत्या की गई। फिर मऊआइमा क्षेत्र के गमरहटा नहर में बीती रात को फेंक कर कातिल भाग गए। बताया गया है कि मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष है। वह सफेद हाफ बनियान और छींटदार लोवर पहने हुए हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि तीन दिनों तक शव चीरघर पर रखा रहेगा। शिनाख्त न होने पर पोस्टमार्टम के बाद अज्ञात में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा। फिलहाल हर थानों को सूचना दे दी गई है।

## सहकारिता विभाग की महत्वाकांक्षी एक मुश्त योजना में भारी छूट

अखंड भारत संदेश

**इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि0, इलाहाबाद के 37796 बकायेदारों से वसूलने के लिए ओटीएस योजना शुरू**

**जसरा।** सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ने बताया है कि इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि0, प्रयागराज के बकायेदारों से ऋण वसूली के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। सैंतीस हजार सात सौ छानबे बकायेदारों से करोड़ों रूपयों की वसूली के लिए एक मुश्त समाधान योजना की शुरूआत की गई है। यह योजना 30 सितम्बर तक लागू रहेगी। किसानों को योजना के तहत कई सहूलियत दी गयी है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता अशोक कुमार यादव और इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील चन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि0, की बैंक शाखाओं के माध्यम से सहकारी समितियों द्वारा कृषकों को ऋण वितरण किया जाता है। बैंक और सहकारी समितियों के 37796 कृषकों पर 57.36 करोड़ रू0 बकाया है। इनसे अब ऋण वसूली की जानी है इसलिए एक मुश्त समाधान योजना शुरू की गयी है। इस योजना में बकायेदारों को भारी छूट दी जायेगी। उन्होंने बताया कि एक मुश्त समाधान योजना में 31 मार्च 1997 के पूर्व वितरित फसली ऋणों में कृषक को लाभ दिया जायेगा। वह अवशेष मूलधन जमा कर सकते है। उन्हें कोई ब्याज नहीं देना पड़ेगा। 01 अप्रैल 1997 से 31 मार्च, 2012 के बीच वितरित फसली ऋणों में कृषकों को मूलधन व मूलधन के बराबर ब्याज की धनराशि जमा करना है। इसके बाद अवशेष ब्याज नहीं देना हैं। 01 अप्रैल, 2012 से 31 मार्च, 2017 के मध्य वितरित फसली ऋण बकाया है, उस पर ब्याज में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। ओ0टी0एस0 योजना में किसानों को काफी सहूलियत दी जा रही है। इतना ही नहीं बकायेदारों से ऋण वसूली के लिए बैंक द्वारा टीम गठित कर दी गयी है, जो लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रही है। खास-तौर से बकाया ऋण वसूली के लिए व्यापक स्तर पर रणनीति बनाकर कार्य किया जा रहा है।

# पूर्व मंत्री ने किया विधानसभा कोरांव का तूफानी दौरा

अखंड भारत संदेश



पूर्व मंत्री उज्ज्वल रमन सिंह का यमुनापार का दौरा

**कोरांव।** उत्तर प्रदेश सरकार पूर्व में कैबिनेट मंत्री रहे उज्जवल रमण सिंह दिन शुक्रवार को विधानसभा कोरांव अंतर्गत ग्राम सभा खपटिहा धोबहट लेडियारी बड़ोखर पथरताल बिरहा धांव सुहास एवम कोरांव नगर पंचायत समेत विभिन्न गांवों में तूफानी दौरा किया इस दौरान आमजन से उनका हालचाल और समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए सक्षम अधिकारियों से वार्ता कर के उक्त समस्याओं के बारे में अवगत कराया इस दौरान उपरोक्त ग्राम सभाओं में विभिन्न कारणों से काल के गाल में समाए शोक संतृप्त परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त किया। सपा नेता द्वारा किए जा रहे क्षेत्र भ्रमण के दौरान नगर पंचायत कोरांव में वरिष्ठ समाजसेवी अवध नारायण तिवारी के आवास पर एक आवश्यक बैठक का आयोजन विधानसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा और मेहताब खान नगर पंचायत अध्यक्ष सपा के नेतृत्व में आहूत किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित उज्जवल रमण सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी होने वाले नगर निकाय के चुनाव को लेकर पार्टी के कार्यकर्ता अभी से कमर कस लें और पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर पूरे प्रदेश में चल रहे समाजवादी पार्टी सदस्यता अभियान को लेकर भी सपा नेता ने कार्यकताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि घर घर जाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य करें ।मौके पर उपस्थित सपा नेता राजेश पांडे जिला सचिव समाजवादी पार्टी ने कहा कि जिस तरह से मौजूदा भाजपा सरकार किसानों का उत्पीड़न कर रही है और भादो के महीने में किसानों के बैंक और बिजली के बकाए को लेकर आरसी जारी किया जा रहा है और वसूली के लिए उन पर दबाव बनाया जा रहा है यह निंदनीय है और इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से प्रमोद मिश्र पयासी विनय कुशवाहा कामता यादव चित्रसेन तिवारी इमरान खां बरांव राजा पांडे मुन्ना सिंह भागीरथी केशरी मुश्ताक खान मनोज सोनी पूर्व प्रधान पवन सोनकर मंगला कोल रामानुज यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# भारत विविधताओं का देश है : डॉ ज्ञान प्रकाश द्विवेदी

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंघई मे हिंदी विभाग द्वारा मॉ वाग्देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। उसके बाद बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अर्चना सरोज द्वारा सरस्वती वंदना की गई ।हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ ज्ञान प्रकाश द्विवेदी ने हिंदी दिवस की महत्ता पर विस्तृत एवं समग्र प्रकाश डाला।उन्होंने बताया कि हर साल 14 सितंबर को पूरे देश मे हिंदी प्रेमियों द्वारा हिन्दी दिवस मनाया जाता है।भारत विविधताओं का देश है यहां कई तरह की? भाषाएँ और बोलियाँ बोली जाती है लेकिन सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा हिंदी है।हमे अगर हिंदी भाषा को संजोये रखना है तो इसके प्रचार प्रसार को बढ़ाना होगा, सरकारी काम काज मे हिंदी को प्राथमिकता देनी होगी तभी हिंदी भाषा को बढ़ाया जा सकता है।प्रो0 रवि कुमार मिश्र ने हिंदी है मेरा चेहरा, हिंदी है मेरा स्वर कविता का सस्वर पाठ कर छात्र छात्राओं को? बताया कि हमें हिन्दी को कहीं से कमजोर नहीं समझना चाहिए। डॉ रत्नेश शुक्ल द्वारा हिंदी की वर्तमान दिशा और दशा पर अपने विचार प्रकट कर छात्र छात्राओं को? लाभान्वित किया गया । कुलदीप कुमार सोनी द्वारा समस्त विश्व मे हिंदी को सम्मान दिलायेगें कविता का सस्वर पाठ कर छात्र छात्राओं को हिंदी के? प्रति जागरूक किया गया।बीए? एवं बीएससी के छात्र छात्राओं द्वारा कविता पाठ किया गया। संचालन? सुनील कुमार द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ गंगेश?? दीक्षित द्वारा किया गया ।कार्यक्रम मे समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश मिश्र, शारीरिक शिक्षा विभाग से बृजेश? कुमार यादव, राजनीति विभाग से विभागाध्यक्ष डॉ अमित कुमार पांडेय तथा प्राचीन इतिहास विभाग से सुरेंद्र कुमार यादव मौजूद रहे।

### दुष्कर्म के आरोप में 1 नफर वांछित अपराधी गिरफ्तार

**जारी।** थाना कौंधियारा की पुलिस द्वारा बलात्कार के आरोप में 1 नफर वांछित आरोपी को शनिवार को जारी ग्राम सभा के हड़हा मोड़ पर पकड़कर पुलिस कार्यवाही के बाद न्यायालय भेजा गया।उक्त गिरफ्तारी पुलिस उप महानिरीक्षक एसएसपी प्रयागराज शैलेश पांडेय के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक यमुनापार क्षेत्राधिकारी बारा के निर्देश पर महिलाओ से जुड़े अपराध मामले में अपराधियों की गिरफ्तारी कर सलाखों के पीछे भेजने के आदेश को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष कौंधियारा नवीन कुमार सिंह जारी चौकी उप निरीक्षक शैलेन्द्र यादव, कांस्टेबल बृजेश यादव ,राहुल सिंह , द्वारा थाना कौंधियारा पर मुकदमा अपराध संख्या 148/2022 धारा 323/452/376 भादवी से सम्बन्धित वांछित आरोपी आकाश कुमार बिंद उर्फ कप्तान (उम्र 21 वर्ष) पुत्र श्याम किशोर उर्फ बड़के बिन्द निवासी हड़हा को गिरफ्तार किया करके न्यायालय के लिए भेजा गया।

# कोरांव व खीरी में नही थम रहा अवैध खनन का कारोबार, जिम्मेदार मौन

अखंड भारत संदेश

## पुलिसिया परमिट पर दौड़ रहे ओवरलोड वाहन



**रत्योरा।** यमुनापार इलाके के कोरांव एवम खीरी थाना क्षेत्र में नही थम रहा अवैध खनन का कारोबार जिम्मेदार मौन बना हुआ है।खीरी एवं कोरांव थाना क्षेत्र के पहाड़ों में बेधड़क बारूदी सुरंगों का प्रयोग हो रहा है। इतना ही नहीं बगैर लीज के ही गिट्टियां तोड़ी जा रही है। पुलिसिया परमिट पर ओवरलोड वाहन क्षेत्र के सभी सड़कों पर दौड़ रहे हैं। किंतु जिम्मेदार मौन बने हुए हैं। ओवरलोड गिट्टी व बालू लादकर ट्रैक्टर, ट्रक व डंपर इत्यादि वाहन कोरांव बाजार एवं खीरी बाजार होकर दिन और रात गुजर रहे हैं किंतु स्थानीय पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। मौजूदा हालात यह है कि एसडीएम कोरांव भी खनन को लेकर सख्त नहीं दिख रहे हैं। किसी भी पहाड़ पर छापेमारी व धरपकड़ की कार्यवाही नहीं हो रही है। जिससे अवैध खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं, और दिन रात अवैध खनन के कारोबार में मशगूल हैं। जब अवैध खनन की उच्चस्तरीय शिकायत होती है तो खानापूर्ति के लिए एसडीएम व पुलिस खनन स्थलों पर छापेमारी तो करते हैं, किंतु खनन माफियाओं को पहले ही सूचना दे दी जाती है। जिससे खनन माफिया सतर्क हो जाते हैं। खीरी थाना क्षेत्र के गडरी, धधुआ कचरा पुलिस चौकी, पिपराव, गडेरिया व कोरांव थाना क्षेत्र के हनुमानगंज पैंतिहा झलमल, महुली, पियरी, संसारपुर, अंतरेजी, धाव, कपुरी, कपासी के पहाड़ों एवं नदी घाटों में लगातार अवैध खनन का कार्य जारी है। गिट्टी, पत्थर, इत्यादि की ढुलाई व परिवहन जारी है। विभागीय जिम्मेदारों के साथ-साथ स्थानीय पुलिस व प्रशासन भी बेपरवाह बना हुआ है। जिससे प्रत्येक महीने खनन माफियाओं के द्वारा राजस्व को लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने सरकार के निदेर्शानुसार क्षेत्र के सभी पहाड़ों व नदी घाटों पर अवैध खनन पर पाबंदी लगाए जाने की मांग की है।



# बारिश में ताल तलैया बनी अनुवां चनेथू महरछा संपर्क मार्ग

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** प्रतापपुर क्षेत्र की दर्जनों सड़कें जीर्ण शीर्ण हो गई है ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों के बार बार प्रार्थना पत्र देने के बावजूद जनप्रतिनिधि या विभागीय अधिकारी, लोकनिर्माण, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ध्यान नही दे रहे हैं।रधईपुर महरछा से पयागपुर कुंदौरा धाम जाने वाली सड़क एवं क्षेत्र की अन्य जर्जर हो चुकी सड़कों मे अनुवां-चनेथू महरछा, चंपापुर-हरीपुरपट्टी जलालपुर, अनुवां-राचनपुर, महरछा-जंघई आदि सड़कें पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है लेकिन इनका नवीनीकरण या मरम्मत न होने से सभी आक्रोशित है मिनटों का सफर घंटों मे तय करना पड़ रहा है। इन सड़को पर रात दिन आवागमन होने के बावजूद वर्षो से इनकी मरम्मत नही हुई है। अनुवां चनेथू महरछा मार्ग पर मरम्मत का कार्य जिला पंचायत से शुरू हुआ भी तो आधी बनाकर छोड़ दिया गया।प्रतिदिन दुर्घटनायें होती रहती है दो जिलों को जोड़ने वाली सड़को की भी मरम्मत नही हो रही है जिससे क्षेत्रवासी आक्रोशित व निराश है कि किससे गुहार लगाए कोई सुनने वाला नही।

## खबर संक्षेप



### आवारा पशुओं को भगाने के चक्कर में हुई मारपीट

**बारा।** बारा थाना क्षेत्र के पिपरांव गाँव में आवारा पशुओं को भगाने के चक्कर में एक ही समुदाय के लोगों से मारपीट हो गई।पीड़ित राजेश आदिवासी पुत्र राममनोहर निवासी (48वर्ष)ने बताया कि उसके खेतों में कुछ आवारा पशु धान की खेती बर्बाद कर रहे थे।जब वह जानवरों को भगाने गया तो छोटके आदिवासी पुत्र कमला प्रसाद निवासी पिपरांव के खेतो की ओर से पशु भागने लगे।उसने मेरा ही डंडा छुड़ाकर मेरे सिर पर दो डंडे मार दिया, जिससे सिर फट गया और खून बहने लगा।थाना प्रभारी निरीक्षक बारा कमलेश कुमार ने तत्काल प्रभाव से उसे चिकित्सकीय सहायता के लिए जसरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा।तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# अविश्वास पर चर्चा से पहले ही बहरिया के ब्लाक प्रमुख ने दे दिया इस्तीफा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बहरिया में ब्लॉक प्रमुखी लेकर भाजपा नेताओं के बीच तलवार खींच गई है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा से पहले ही योगेश पांडेय ने ब्लॉक प्रमुख पद से इस्तीफा दे दिया, जिसे स्वीकार भी कर लिया गया। हालांकि, दोबारा चुनाव में उन्होंने पूरे दमखम से दावेदारी की बात कही है। योगेश का परिवार भाजपा से लंबे समय से जुड़ा रहा है। भाई कुलदीप पांडेय बहरिया के ब्लॉक प्रमुख रह चुके हैं। हालांकि, कुलदीप ने निर्दलीय चुनाव जीता था। पिछले चुनाव में कुलदीप के भाई योगेश पांडेय ने भाजपा के समर्थन से दावेदारी की मांग की लेकिन पार्टी ने कुछ समय पहले ही भाजपा में आए शशांक मिश्रा को प्रत्याशी बनाया। इसके बाद योगेश ने निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीत गए। इसके बाद भाजपा में भी योगेश को स्वीकार कर लिया गया। इसी दौरान बदलते समीकरण के बीच शशांक ने योगेश के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया। शशांक भाजपा गंगापार इकाई में पदाधिकारी हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि पार्टी के स्थानीय नेताओं का उन्हें समर्थन प्राप्त है। इस खींचतान के बीच शुक्रवार को होने वाले अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा से पहले ही शशांक ने इस्तीफा दे दिया। जानकारों का कहना है कि चूंकि अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाता तो वह अगला चुनाव नहीं लड़ पाते। इसलिए उन्होंने यह रास्ता अपनाया।योगेश का कहना है कि चुनाव में वह पूरी ताकत से उतरेंगे। वहीं बड़े भाई कुलदीप का कहना है कि उनका पूरा परिवार लंबे समय से भाजपा से जुड़ा रहा है। आगे भी वह पार्टी का काम करते रहेंगे। अब पार्टी को निर्णय लेना होगा कि ब्लॉक में क्या होना चाहिए। वहीं शशांक ने योगेश पर कई तरह के आरोप लगाते हुए सदस्यों का समर्थन प्राप्त होने की बात कही। दोनों नेताओं के इस दावेदारी के बीच पार्टी में खेमेबाजी भी शुरू हो गई। यह खेमेबाजी अब सोशल मीडिया पर दिखने भी लगी है।

**छह महीने के भीतर होगा चुनाव**

बहरिया के ब्लॉक प्रमुख योगेश पांडेय के इस्तीफे के बाद यह पद खाली हो गया है। इस पर छह महीने के भीतर चुनाव कराना होगा। डीपीआरओ आलोक कुमार सिन्हा का कहना है कि पंचायती राज विभाग को रिपोर्ट भेजी जाएगी। चुनाव की तारीख वहीं से घोषित की जाएगी।

## भाजपा सांसद रीता बहुगुणा के खिलाफ 14 साल पहले दर्ज हुई एफआईआर रद्द करने का आदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भाजपा सांसद डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी को 14 साल पहले दर्ज हुई प्राथमिकी के मामले में राहत दी है। कोर्ट ने उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार एवं न्यायमूर्ति सैयद वैज मियां की खंडपीठ ने डॉ. जोशी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।सांसद के खिलाफ 2008 में तत्कालीन तहसीलदार विजय शंकर मिश्र ने सिविल लाइंस थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। उन पर आरोप लगाया था कि उन्होंने बतौर महापौर अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया। उन्होंने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर फतेहपुर बिछुआ स्थित प्लॉट संख्या 408 की भूमि को खुर्द बुर्द कर दिया। डॉ. रीता बहुगुणा जोशी की ओर से तर्क दिया गया कि प्राथमिकी दुर्भावना से प्रेरित थी। मामले में सीबीआई ने जांच की थी।सीबीआई जांच के संबंध में एफआईआर दर्ज कराई गई थी और विवेचना के बाद आरोप पत्र भी दाखिल किया गया था। उस चार्जशीट में याची का कहीं भी नाम नहीं था और न ही उसकी कोई संलिप्तता ही बताई गई थी। कहा गया कि याची ने महापौर रहते अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन किया था और जो सदन का निर्णय था, उसे ही क्रियान्वयन कराया था। सदन में हुए निर्णय के विरुद्ध कोई आपराधिक मामला नहीं बनता। जहां तक भूमि का विवाद है तो उसमें नगर निगम को सदन के निर्णय से लाभ ही हुआ है।

## यूपी सरकार बताए, प्रेस मान्यता समिति गठित हुई या नहीं

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि चार जुलाई 2008 के शासनादेश के तहत यूपी प्रेस मान्यता समिति का गठन हुआ है या नहीं। कोर्ट ने 30 सितंबर तक जानकारी मांगी है। यह आदेश न्यायमूर्ति मनोज मिश्र तथा न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने ऑल इंडिया प्रेस रिपोर्टर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आचार्य श्रीकांत टीएस व अन्य की याचिका पर दिया है।मामले में प्रेस मान्यता समिति के गठन के लिए विज्ञापन निकाला गया था। प्रदेश के तमाम संगठनों के साथ ऑल इंडिया प्रेस रिपोर्टर वेलफेयर एसोसिएशन ने भी आवेदन किया है किंतु कोई कार्यवाही आगे न बढ़ते देख एसोसिएशन ने फरवरी 2022 में एक याचिका दाखिल की। जिसमें कोर्ट ने सरकार से मान्यता समिति के गठन के लिए जवाब मांगा।निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की तरफ से बताया गया था कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लागू है। नई सरकार बनने के बाद ही प्रेस मान्यता समिति का गठन करने की कार्यवाही हो पाएगी। इस जानकारी के बाद कोर्ट ने यह कहते हुए याचिका निस्तारित किया था कि यदि सरकार बनने के बाद मान्यता समिति गठित नहीं होती तो याची फिर याचिका दायर कर सकता है।इसके बावजूद यूपी मान्यता समिति का गठन नहीं हो पाया। पुनः ऑल इंडिया प्रेस रिपोर्टर वेलफेयर एसोसिएशन (ऐप्रवा) के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार आचार्य श्रीकांत शास्त्री की तरफ से याचिका दाखिल किया गया है।



## नवरात्रि एवं दशहरा त्यौहार को लेकर थाना नैनी में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**नैनी।** नवरात्रि एवं दशहरे के त्यौहार को लेकर नैनी थाने की तरफ से आज लक्ष्मी गेस्ट हाउस में पीस कमेटी की बैठक की गई बैठक में एसडीएम करछना रेनू सिंह एवं क्षेत्र अधिकारी करछना अजीत सिंह चौहान /थाना नैनी प्रभारी सुरेन्द्र कुमार वर्मा/कोतवाली निरीक्षक अपराध मोहम्मद अली एवं एसएसआई अजय कुमार सिंह कि अध्यक्षता में की गई बैठक में एसडीएम करछना ने बैठक में आए हुए सभी सम्मानित व्यापारी गण एवं समाजसेवी को धन्यवाद करते हुए व्यापारी एवं समाजसेवी से उनके क्षेत्र में होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली जिसमें सार्वजनिक रामलीला कमेटी एवं व्यापार मंडल के अध्यक्ष राकेश जायसवाल एवं चीनी मिल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विनय जायसवाल ए डी ए रामलीला कमेटी एवं नैनी गांव रामलीला कमेटी के लोगों ने समस्या को अवगत कराया इस मौके पर क्षेत्राधिकारी ने कहा आने वाले त्यौहार के पहले ही क्षेत्र में होने वाली समस्याओं को जल्द से जल्द ठीक कर दिया जाएगा और बैठक में आए हुए सभी लोगों से अपील की आप लोग त्योहार को भाईचारा के साथ मनाएं और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें और किसी प्रकार की समस्या होने पर थाना नैनी को सूचित करें। नैनी थाना प्रभारी ने बैठक में आए हुए लोगो से कहा कोई परेशानी हो तो हमें जरूर बताएं ताकि उसका तुरंत ही निवारण किया जाएगा। इस मौके पर नैनी थाना क्षेत्र के समस्त चौकी इंचार्ज और एसपीओ यूथ टीम प्रभारी एवं संचालक आशीष जायसवाल पूर्व प्रधान श्रीकांत दीक्षित सिविल डिफेंस राजेश यादव जिला अपराध निरोधक समिति ग्राम सुरक्षा समिति नैनी क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति /नगर निगम /बिजली विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# बीमारी से तंग किसान ने लगाई फांसी



अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** थाना क्षेत्र के बेलामुंडी गांव में शुक्रवार की भोर गांव के एक किसान ने पेड़ की डाल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया ।ग्रामीण जब सुबह खेत की तरफ टहलने गए तो किसान को फांसी पर लटका देख दंग रह गए। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई तो कोहराम मच गया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लालापुर थाना क्षेत्र के बेलामुंडी गांव निवासी त्रिलोकी निषाद(62) एक वर्ष से बीमार चल रहा था । बीमारी व आर्थिक तंगी से किसान का मनोबल टूट गया था। शुक्रवार की भोर गांव के बाहर स्थित एक पेड़ की डाल में त्रिलोकी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।शुक्रवार की सुबह जब ग्रामीण खेत की ओर गए तो देखा की त्रिलोकी अपने खेत के पास ही आम के पेड़ में फांसी पर लटका है।मौके पर परिजन रोते विलखते पहुंच गए।त्रिलोकी के दो बेटे हैं दोनो की शादी हो चुकी है । थानाध्यक्ष शेर सिंह यादव ने बताया की परिजनों की सूचना पर शव का पंचनामकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**फूलपुर।** फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के कर्नलगंज मोहल्ला में गुरुवार रात विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह जब परिजन जगे तो घर में कोहराम मच गया। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के कर्नलगंज मोहल्ला निवासी सूरज सिंह का विवाह 6 वर्ष पूर्व वाराणसी की श्वेता सिंह 26 के साथ हुआ था। मृतक श्वेता का एक लड़का भी है। परिजनों ने बताया कि रोज के भाति गुरुवार शाम को भी परिवार के लोग भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए। पति व बच्चे के सो जाने के बाद श्वेता ने बगल के कमरे में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर पंखे के हुक से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सुबह जब पति व बच्चे जगे तो श्वेता को ना पाकर घर में खोजने लगे। बगल के कमरे में खिड़की से देखा तो श्वेता फांसी के फंदे पर झूली हुई थी। परिजनों का शोर सुनकर आसपास के लोग भी इकट्ठा हो गए। पुलिस को सूचना देकर मायके वालों को भी बुलवाया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## पिकअप ने युवक को कुचला मौत , पिकअप पकडी गयी

**मऊआइमा।** रोड क्रास करते समय प्रतापगढ़ की ओर से आ रही तीव्र रफ्तार से पिकअप ने युवक को कुचल दिया । जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों ने पिकअप को दौडाया तो बडगांव चौकी में खडी कर दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर सराय अली ब्लाक चौराहे के पहले राजेश कुमार शर्मा 40वर्ष पुत्र स्वर्गीय राधेश्याम शर्मा सैलून की दुकान किए हुए हैं। बताया जाता है कि शुक्रवार को देर शाम प्रयागराज और प्रतापगढ़ फोर लेन पर राजेश कुमार;40 वर्ष रोड क्रास कर रहा था। इतने में तीव्र गति से आ रही पिकअप ने राजेश कुमार कुचल कर पिकअप लेकर भाग गया। जिसे ग्रामीणों ने बाइकों से पीछा कर लिया तो वह सोरांव के बडगांव चौकी में पिकअप खडी कर दिया। इधर मृतक के शव को पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक तीन भाईयों में सबसे छोटा है।तथा मृतक के दो पुत्रियां एक पुत्र है। राजेश कुमार की मौत पर घर में कोहराम मचा हुआ है।



## चीफ के आदेश के बाद भी नही सुन रहे थे एसडीओ झूंसी, संतों ने दिया धरना

**झूंसी।** क्षेत्र के टीकरमाफी आश्रम में अधिक बिल आने से नाराज संतो ने शुक्रवार को विद्युत एसडीओ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एसडीओ झूंसी के कार्यालय का घेराव करते हुए धरने पर बैठ गए। जिससे ऑफिस में हड़कंप मच गया। घंटों चली मान मनवल के बाद 24 घंटे के भीतर विद्युत बिल दुरुस्त करने के आश्वसन के बाद सन्त माने। टीकरमाफी आश्रम के उपाध्यक्ष हर्ष चैतन्य ब्रह्मचारी ने बताया की आश्रम में बिजली के लिए सोलर प्लांट लगा हर माह एक हजार से कम बिजली का बिल आता था साल भर से बिल अधिक आने लगा जिसकी शिकायत यहाँ से लखनऊ तक की गई। कुछ दिन पहले चीफ आश्रम आये थे उन्होंने एसडीओ झूंसी को बिल रिवीजन के लिए बोला चेक मीटर के बाद भी 1 लाख 26 हजार बिल आ गया सन्त बार बार एसडीओ कार्यालय जाते थे पर उन्हें आज कल कह कर टरका दिया जाता था जिससे नाराज सन्त हर्ष चैतन्य ब्रह्मचारी की अगुआई में जूना अखाड़ा के राम गिरी, राम दास, डंडी स्वमी के साथ एसडीओ कार्यालय पहुच धरने पर बैठ गए। सन्तो के धरने पर बैठने की जानकारी मिलते ही अधिकारियों में हड़कंप मच गया। घन्टो मान मनउवल के बाद सन्त माने।

## न्यूज झरोखा

### दल का दौरा पड़ने से साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष का निधन, व्यक्त किया शोक



**मेजा रोड।** मेजा के उपरौडा गांव निवासी साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार सिरसा छतवा गंगा घाट पर किया गया। समाजसेवियों ने शोक संवेदना व्यक्त किया। बता दें कि मेजा के उपरौडा गांव निवासी प्रदीप चंद्र यादव उर्फ लल्लू सरपंच सिरसा साधन सहकारी समिति के चार बार अध्यक्ष रहे हैं। गुरुवार की शाम दिल का दौरा पड़ने से अध्यक्ष का निधन हो गया। वह 56 वर्ष के थे। उनके निधन से गांव परिवार में शोक की लहर है। शुक्रवार की दोपहर सिरसा के छतवा गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। वहीं साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष के निधन पर सिरसा नगर पंचायत के अध्यक्ष श्यामकृष्ण सिंह उर्फ पप्पू यादव के साथ वहा गणमान्य आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

### जसरा बाजार के आगे नाले की पुलिस से टकराई बस, बाल बाल बचे यात्री



**जसरा।** जाको राखे सांइयाँ मार सकै न कोय को चरितार्थ किया जीरो रोड बस डीपो के ड्राइवर ने। जसरा बाजार के आगे नाले की पुलिया पर एक सरकारी जीरो रोड डिपो की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि बस नाले की पुलिया की दीवार से टकराकर रुक गई। जिससे सभी यात्री बाल-बाल बच गए। शुक्रवार की रात लगभग 8:50 बजे प्रयागराज बांदा राजमार्ग पर स्थित जसरा बाजार के आगे 50 फीट गहरे नाले की पुलिया पर प्रयागराज से बांदा की ओर जा रही एक बस जैसे ही पहुंची। उसी समय बस से आगे निकलने के प्रयास में एक कार ने बस में बगल से टक्कर मार दी। जिससे चालक और परिचालक सहित 65 सवारियों से भरी बस अनियंत्रित होकर 50 फीट गहरा नाला की पुलिया की दीवाल से टकरा कर रुक गई। अचानक हुई दुर्घटना से सभी यात्रियों की जान हलक में अटक गई। बस का बांया पहिया हवा में लटक गया। आनन-फानन में आकस्मिक दरवाजे से सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया। बस के चालक राजेश यादव ने बताया कि उसी समय सामने से ट्रक भी आ रही थी । जिससे बचने के लिए कार चालक ने बस के आगे बगल से टक्कर मार कर भाग निकला। चालक ने बताया कि बरसात भी हो रही थी जिससे बस को नियंत्रित करने में कठिनाई हुई। यह भी बताया कि बस की स्पीड बहुत कम थी। वहीं सभी यात्री बहुत देर तक ईश्वर का धन्यवाद देते रहे । बाद में जीरो रोड प्रयागराज से एक दूसरी खाली बस को मौके पर भेजा गया। जिससे सभी यात्री अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए।

# ऊर्जा राज्यमंत्री ने उपकेंद्रों का किया निरीक्षण, गंदगी देख लगाई फटकार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राज्यमंत्री (ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा) डॉ. सोमेंद्र तोमर ने शुक्रवार को भोर में ही उपकेंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तेलियरगंज उप केंद्र में गंदगी मिलने पर संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। राज्य मंत्री ने मेयोहाल उपकेंद्र पर विभाग की ओर से लगाए गए समाधान शिविर का भी जायजा लिया।उन्होंने समाधान शिविर का रजिस्टर चेक कर एक शिकायतकर्ता के मोबाइल पर वार्ता करके शिविर का फीडबैक लिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने मीटर संबंधित शिकायत की थी, जिसका निस्तारण बिजली विभाग द्वारा कर दिया गया है। राज्य मंत्री ने निर्देश दिया कि समाधान सप्ताह में आने वाले शिकायतकताओं के बैठने व पीने के शुद्ध पानी की भी व्यवस्था की जाय।शासन की प्राथमिकता है कि साप्ताहिक समाधान योजना में आने वाले सभी शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। जनसमस्याओ के समाधान के लिए अधिक से अधिक गांवों व नगरो में प्रचार प्रसार किया जाय। ताकि विद्युत बिल सहित अन्य शिकायतों का निस्तारण हो सके। राज्य मंत्री ने मेयोहाल उप केंद्र पर साफ सफाई की चाक-चौबंद व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों की सराहना की।



उप केंद्रों का निरीक्षण करते ऊर्जा राज्यमत्री

# प्रयाग इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने 7 मेडल जीतकर लहराया परचम

अखंड भा२त संदेश

**करछना।** नैनी के यूनाइटेड इंस्टिट्यूट कॉलेज में चल रहे दो दिवसीय डॉ अब्दुल कलाम जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट का यूनाइटेड ऑडिटोरियम में समापन हो गया। 14 एवं 15 सितंबर को आयोजित विभिन्न खेलों के इस फेस्ट कार्यक्रम में कई संस्थानों के करीब 1000 छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रयाग इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कॉलेज बेंदौ के छात्रों ने कुल 7 मेडल जीतकर परचम लहराया। कॉलेज की ओर से मयंक त्रिपाठी ने शॉटपुट में गोल्ड , प्रिंस मिश्रा ने डिस्क थ्रो सिल्वर, उत्तम श्रीवास्तव ने शतरंज में सिल्वर, मयंक त्रिपाठी ने जैवलिन थ्रो में सिल्वर, निष्ठा सिंह व सौम्या शर्मा ने 100 मीटर दौड़ में ब्रांज मेडल , निष्ठा सिंह ने शॉटपुट में ब्रॉज मेडल जीत का परचम लहराया। जोनल स्तर पर जीते सभी छात्र अब राज्य स्तर पर बीबीडी कॉलेज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। पदक जीते छात्रों एवं खेल टीम के सदस्य विवेक सिंह, सुप्रिया श्रीवास्तव, एवं निलेश सिंह को संस्था चेयरमैन ज्ञान सिंह पटेल व सचिव विकास सिंह ने बधाई दी है। संस्था निदेशक डॉ सुभाष चंद्र तिवारी ने सभी विजेता छात्रों को बधाई देते हुए राज्य स्तरीय खेल के लिए शुभकामनाएं दी।





# ओजोन परत सूर्य से आने वाली खतरनाक किरणों से हमारी रक्षा करता है : डॉ प्रमोद

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** 16 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया जाता है। इस दिन हमे ओजोन लेयर का महत्व समझाया जाता है और बताया जाता है कि यह हमारे वातावरण और मानव जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है। नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में भूगोल के विभागाध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार तिवारी ने ओजोन दिवस के अवसर पर छात्र छात्राओं को बताया कि ओजोन परत सूर्य से आने वाली खतरनाक किरणों से हमारी रक्षा करता है यही कारण है कि इसका संरक्षण काफी अहम माना जाता है।वर्ल्ड ओजोन दिवस पर डॉ प्रमोद कुमार तिवारी ने बताया कि ओजोन परत हमारी धरती के लिए एक ढाल की तरह काम करती है और इकोलॉजी से बचाने का काम करती है।ओजोन का रासायनिक नाम ओ थ्री है। यह ऑक्सीजन के तीन परमाणुओं से बना है इसका रंग हल्का नीला होता है ओजोन गैस एक हानिकारक गैस है यह काफी बदबूदार होता है और अत्यधिक प्रतिक्रियाशील भी समताप मंडल में ऊपर यह मौजूद होता है।ओजोन अगर पृथ्वी के वायुमंडल के पास होता तो इसका ग्रीनहाउस प्रभाव जीवन के लिए काफी खतरनाक हो जाता ग्लोबल वार्मिंग और अन्य तरह की समस्याएं होती हैं ओजोन परत सूर्य से आने वाली हानिकारक यूवी रेडिएशन या सोलर रेडिएसन के प्रभाव को कम करती है और पृथ्वी तक आने से रोकती है अगर इन रेडिएशन को धरती तक आने से ओजोन परत न रोके तो ये यहां पहुंचकर कई तरह से नुकसान पहुंचाएंगी सनबर्न, त्वचा कैंसर और मोतियाबिंद जैसी बीमारियां फैलने लगेंगी।अगर ओजोन परत न हो तो इंसान और जानवर दोनों का इम्यून सिस्टम खराब हो जाएगा इससे महासागरों में फाइटोप्लांकटन उत्पादकता में भी प्रभाव पड़ेगा ओजोन परत में छेद होने के कारण ओडीएस यानी ओजोन-क्षयकारी पदार्थ है। यह हेलोकार्बन रेफ्रिजरेंट, सॉल्वैंट्स, प्रोपेलेंट और फोम-ब्लोइंग एजेंट से बना हुआ रसायन है क्लोरो फ्लोरो कार्बन एचसीएफसी और हैलोन भी ओडीएस के ही उदाहरण हैं। कार्यक्रम में बृजेश यादव, डॉ देवेन्द्र नारायण पांडेय, डॉ बलराम यादव एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



## डकैती कर भाग रहे चोरों को मेजा पुलिस ने पकड़ा

**मेजा रोड।** मेजा पुलिस ने डकैती के नगद रुपयों के साथ एक वांछित आरोपी व तार चुराने वाले दो चोरों कोगिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि शुक्रवार को थाना प्रभारी मेजा धीरेन्द्र सिंह, दरोगाअखिलेश कुमार सिंह चौकी प्रभारी कोहड़ार ने मुखबिर की सूचना पर डकैती के 25 सौ रुपए नगद के साथ वांछित आरोपी सुजीत यादव पुत्र संगमलाल यादव निवासी लटकहा थाना करछना व चोरी के एनटीपीसी के बिजली के तार चुराने वाले दो चोरों दिनेश कुमार पुत्र नेब्बूलाल व राकेश कुमार पुत्र रामदुलार निवासी डीह कोहड़ार थाना मेजा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी मेजा धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि डकैती के नगद रुपयों के साथ गिरफ्तार सुजीत यादव के खिलाफ थाना करछना व थाना मेजा मे आधा दर्जन से ज्यादा आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं एनटीपीसी मे बिजली तार चोरों को भी तार के साथ गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की गई।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मनैया, वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

वित्तीय वर्ष 2022–23 मे ग्राम पंचायत मनैया विकास खण्ड करछना में कराये जाने वाले विकास कार्यो में मनरेगा, राज्य वित्त/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति एवं कार्य की मयमजदूरी सहित आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 17–09–2022 से दिनांक 29–09–2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत मनैया में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 30–09–2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला 30–09–2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | शंकर लाल निषाद के घर से राजाराम निषाद के खेत तक नाली एवं इण्टरलाकिंग कार्य | 4.00 लाख | 2 माह |
| 2. | हीरालाल के घर से गोरेलाल निषाद के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग कार्य | 3.50 लाख | 2 माह |

श्रीमती मंजू द्विवेदी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मनैया
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांक: मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2022-23/ दिनांक

प्रीति शुक्ला
सचिव
ग्राम पंचायत मनैया
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# बच्चे लक्ष्य बनाकर करें ध्यान तो मिलेगी नई दिशाः केशव

## राष्ट्रीय शैक्षिक महाकुंभ का उद्घाटन कर बोले डिप्टी सीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के चिलबिला स्थित श्रीराम रिसार्ट में शुक्रवार को तीन दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक महाकुंभ का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन करते हुए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रतापगढ़ की पवित्र भूमि में आयोजित राष्ट्रीय शैक्षिक महाकुंभ में बच्चे जो भी लक्ष्य निर्धारित करें, उन पर अपना ध्यान केन्द्रित करें। निष्चित रुप से उन्हें नई दिशा मिलेगी।

अपने 10 मिनट के सम्बोधन में केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि होनहारों का भविष्य तय करने का यह आयोजन सराहनीय है। प्रारंभ में उप मुख्यमंत्री जो ढाई घंटे विलम्ब से दिन में एक बजे शैक्षिक महाकुंभ में पहुंचे थे, का जोरदार स्वागत किया गया। सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक राजेन्द्र मौर्या, विधायक जीतलाल पटेल, एमएलसी उमेश द्विवेदी, पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह, पूर्व विधायक धीरज ओझा, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र व अन्य कार्यकताओं ने उप मुख्यमंत्री को फूल-मालाओं से लाद दिया। बता दें कि 16 सितम्बर से 18 सितम्बर तक आयोजित इस शैक्षिक महाकुंभ में 23 राज्यों के मेधावी शिक्षक तथा कोचिंग संचालक युवाओं को उनके रुझान के अनुसार कैरियर चुनने के लिये प्रेरित करेंगे।

इस कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध गणितज्ञ इसरो के वैज्ञानिक के अलावा सीबीएसई व यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटर के टापर्स भी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय ने किया। इस बड़े शैक्षिक महाकुंभ का आयोजन जिला मौर्य सभा के इंजीनियर राम सजीवन मौर्य व उनके सहयोगियों ने किया है। डिप्टी सीएम वहां से निकलकर बेल्हा देवी मंदिर गए जहां दर्शन पूजन किया। उसक बाद टेउंगा स्थित भाजपा कार्यालय पर कार्यकताओं से मिले और उनकी समस्याएं सुनीं। विकास भवन में विकास की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया तथा अधिकारियों की बैठक में विकास कार्यों की जानकारी ली।



शैक्षिक महाकुंभ में बोलते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य।

## उप मुख्यमंत्री का उद्यमियों ने किया सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को आज उद्यमियों का एक प्रतिनिधिमंडल अंगवस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया। साथ ही जिले में और विकास हो उद्योग लगे संबंधी ज्ञापन भी दिया। उप मुख्यमंत्री को हर घर तिरंगा फहराने के अभियान में प्रतापगढ़ में एक आंदोलन के रूप में लिया था और आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कार्यों की एक 150 पन्ने की बुकलेट उपमुख्यमंत्री को समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने भेंट की। इस अवसर पर उद्यमी मोहम्मद अनाम, पन्नालाल, रोशनलाल उमरवैश्य, रवि प्रताप सिंह, राकेश कुमार जायसवाल, पुनीत त्रिपाठी, अभिषेक त्रिपाठी, आलोक खंडेलवाल, चंद्र प्रकाश शुक्ला, रामचंदर आदि ने उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

## भ्रष्टाचार रोकने के लिये हो रही कार्यवाहीः केशव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विकास भवन पहुंचने पर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पत्रकारों से कहा कि प्रदेश में गुण्डों, माफियाओं पर कड़ी कार्यवाही से अपराध पर अंकुश लगा है। भ्रष्टाचार रोकने के लिये भी हर स्तर पर कार्यवाही की जाएगी। देश और प्रदेश में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। प्रतापगढ़ को राम वन गमन मार्ग बताते हुए कहा कि अयोध्या और चित्रकूट दर्शन के लिये लोग प्रतापगढ़ से होकर जाते हैं। यहां का विकास स्वतः हो रहा है। गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ सीधे गरीबों तक पहुंच रहा है। पत्रकारवार्ता में सांसद संगम लाल गुप्ता, एमएलसी उमेश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र मौजूद रहे।

## गाजे-बाजे के साथ निकला श्रद्धालुओं का समूह, हुई पुष्पवर्षा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पितरों के मोक्ष की कामना के साथ शुक्रवार को नगर के अझारा गांव से श्रीगया धाम के लिए तीर्थ यात्रियों का समूह वैदिक पूजन अर्चन के बीच रवाना हुआ दिखा। पितृ पक्ष में सनातनी संस्कृति के तहत अझारा गांव के समाजसेवी आचार्य पं. देवानंद मिश्र के साथ पूर्वजों की चिर आत्मिक शांति के लिए निकले समूह का गांव के लोगों ने गाजे बाजे के साथ तिलक अभिषेक किया। चारों धाम के दर्षन पूजन के निमित्त गया के लिए निकले श्रद्धालुओं ने प्रस्थान से पूर्व ग्राम देवी धाम पहुंचकर मत्था टेका। यहां ग्राम देवी का आचार्य षिवानंद मिश्र के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजन अर्चन हुआ। गाजे बाजे के साथ निकले श्रद्धालुओं के समूह मेंष्शामिल ग्रामीण हर हर महादेव व श्री वासुदेवाय नमः का शंखनाद करते इन यात्रियों पर पुष्पवर्षा कर प्रसन्नचित दिखे। यात्रियों ने गांव के बडे बुजुर्गो का भी आर्षीर्वाद लेते हुए भगवान से अपनी धार्मिक यात्रा की सफलता की भी प्रार्थना की। नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाष शुक्ल ने पहुंचकर आचार्य देवानंद मिश्र, पं. कृष्णानंद मिश्र, पं. विवेकानंद मिश्र एवं आचार्य षिवानंद मिश्र का माल्यार्पण कर सम्मान किया। वहीं धाम के लिए निकली निर्मला देवी, शीला मिश्रा, सुमन मिश्रा तथा कंचन मिश्रा का श्रद्धालु महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में साकेत मिश्र ने मंगलकामनाओं के लिए लोगों का आभार जताया। इस मौके पर प्रतीक मिश्र, सत्यम मिश्र, अनुराग मिश्र, प्रवीण मिश्र, विद्याधर मिश्र, छोटे लाल सरोज, दान बहादुर सिंह भोला, डा. आषीष सिंह, रामकृश्ण मिश्र, पिंटू मिश्र, सुधाकर मिश्र, प्रभाकर मिश्र, दुर्गा प्रसाद तिवारी, बाल मुकुन्द शुक्ल, जितेन्द्र नारायण तिवारी, गरूण नारायण तिवारी, वेदमणि तिवारी, कुलदीप तिवारी, लालजी मिश्र पिपरा, षास्त्री सौरभ आदि रहे।

## रेलवे स्टेशन पर लगी अदालत, 13 मामले निस्तारित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को रेलवे की तरफ से कोर्ट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें एसीजेएम उत्सव गौरव राज रेलवे कोर्ट प्रयागराज ने तेरह मुकदमें की सुनवाई की है। जिसमें दो मामलों में साक्ष्य अंकित कराया गया। रेलवे एक्ट के दस मामलों में जुमार्ना लगाकर उसका निस्तारण किया गया। एक मामले में रिमांड किया गया। ये सभी मुकदमें रेलवे सुरक्षा बल प्रतापगढ़ की तरफ से कोर्ट में पेश किए गए थे। एसीजेएम उत्सव गौरव राज ने बताया कि मुकदमे के कारण लोगों को अदालत के चक्कर कम लगाने पड़े। इसके लिए स्टेशन पर ही कोर्ट कैंप का आयोजन किया गया था। जिससे अधिक से अधिक मामले निपटाए जा सके जिससे लोगो को राहत मिल सके। अदालत की सुनवाई के दौरान इंस्पेक्टर आरपीएफ सीपी मिश्रा, कोर्ट स्टाफ अमित ओझा, पेशकार अरुण, रवींद्र यादव, उमेश कुमार, भरत मिश्रा, सीपी दुबे समेत कई लोग मौजूद थे।

## समस्याओं के निराकरण के लिये मैं हमेशा रहूंगा तैयारः डा0 आरके वर्मा

**अखंड भारत संदेश**

**जेठवारा, प्रतापगढ़।** विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र के मानधाता विकास खण्ड की ग्राम पंचायत सराय हरिनारायण (सरैंया नहर) के निवासी गुड्डू पटेल के यहां उपस्थित सम्मानित सहयोगियों से भेंट कर कुशल क्षेम लेते हुए रानीगंज विधानसभा के विधायक डा0 आर0 के0 वर्मा ने कहा कि हम सब को मिलकर समाज मे सद्भावना का माहौल बनाए रखना चाहिए और आम आदमी की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास करना चाहिए। समस्याओं के निराकरण में जहां भी मेरे सहयोग की जरूरत पड़ेगी, मैं हमेशा तैयार मिलूंगा। क्षेत्र भ्रमण के दौरान विधायक ने मान्धाता के लिलौली गॉव पहुंच कर मुनेश्वर पटेल के यहां शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया। उनके साथ प्रतिनिधि विनोद पटेल, जिला पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार पटेल, रामकरन पटेल, धर्मेंद्र पटेल भट्ठा मालिक, बीडीसी रतन पटेल आदि सम्मानित सहयोगी उपस्थित रहे।


सहयोगियों से मुलाकात करते विधायक डा0 आरके वर्मा।

## मोबाइल पर लिंक भेज कर युवक के खाते से निकाले 29000 रुपये

**पट्टी, प्रतापगढ़।** एक युवक के मोबाइल पर कोरियर बष्य बता कर के लिंक भेजा गया उसके बाद उसके बैंक खाते से 29000 रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने कोतवाली में षिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली नगर के रहने वाले प्रिंस जायसवाल पुत्र षिव प्रकाष जायसवाल ने बताया कि बीते 12 सितंबर को शाम 6 बजे उसके मोबाइल नंबर पर एक फोन करता है और अपने आपको कोरियर बष्य बताता है वह यह बताता है कि भेजे गए लिंक पर भुगतान करने पर उसका पार्सल उसे हासिल होगा। लिंक पर क्लिक करने पर उसके खाते से 5000, 900 तथा अंतिम बार चार्ज 24000 रुपये खाते से कट गए। पीड़ित ने इस संबंध में साइबर सेल तथा पट्टी कोतवाली में षिकायती पत्र दिया है।

## रेल यूनियन ने सीनियर डीओएम के खिलाफ की नारेबाजी

### आउट डोर बंद करने के आदेश को तुगलकी फरमान बताया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कर्मचारी नीतियों के विरोधी कहे जाने वाले लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मंडल परिचालन अधिकारी (सीनियर डीओएम) एक बार फिर से कर्मचारियों के निशाने पर हैं। प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन का आउट डोर बंद कराने के उनके आदेश के खिलाफ लामबंद कर्मचारियों ने मेंस यूनियन की अगुआई में प्लेटफार्म पर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का साथ न देकर विरोधी अधिकारियों की तरफदारी करने के आरोप में एसएस को भी इनका विरोध झेलना पड़ा। उनके खुद के साथी स्टेशन मास्टर उनके खिलाफ लामबंद दिखे।

मेंस यूनियन के शाखा मंत्री अनिल शुक्ला का आरोप है कि स्टेशन पर डिप्टी एस एस के छह पद के सापेक्ष एक की तैनाती है। बाकी रिक्त पदों खाली चल रहे हैं। यूनियन इन पर पोस्टिंग की मांग करती चली आ रही है। जो कि नहीं हुई। एक दिन पहले एस एस ने सीनियर डीओएम का हवाला देते हुए आउट डोर में ताला लगा दिया। रिक्त पदों को भरे जाने की बजाय अधिकारी का आउट डोर बंद कराना कर्मचारी विरोधी नीति को दशार्ता है। इससे कर्मचारियों के साथ यात्रियों को भी तमाम तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मसलन, व्हील चेयर, स्ट्रेचर इत्यादि के लिए यात्रियों को भटकना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि इसी के विरोध में मेंस यूनियन ने एसएस दफतर के सामने धरना प्रदर्शन किया। खास बात यह है कि कुछ समय पहले भी आउट डोर को बंद


रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन करते रेल यूनियन के पदाधिकारी।

### एसएस के खिलाफ लामबंद दिखे स्टेशन मास्टर

कराने का प्रयास हुआ था। उस समय वर्तमान एसएस मेंस यूनियन के साथ खड़े होकर सीनियर डीओएम का विरोध किए थे। पावर केबिन के एसएम का आरोप है कि वही एसएस आज उनके खिलाफ होकर अधिकारियों की गलत नीतियों का समर्थन कर रहे हैं। यह बात मेंस नेता अजय आनंद ने अपने भाषण में भी कही। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगो से सावधान रहने की जरूरत है। विरोध प्रदर्शन में अध्यक्ष मो शफीक, ए एन मिश्रा,योगेश, वीके तिवारी, मोहम्मद अनीश, संजय डोंगरा, मो कमर, आर के सिंह, शुभांग, शैलेंद्र यादव, शैलेंद्र सिंह, गोविद, रमेश और शाहरुख समेत कई कर्मचारी और नेता मौजूद थे।

## डम्फर की चपेट में आने से छात्रा की दर्दनाक मौत, घर में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के पुलिस चैकी लवाना भवानीगंज में षुक्रवार की सुबह घर से स्कूल जा रही छात्रा की डम्फर ट्रक की चपेट में आने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सभी घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े और ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।

घटना के बारे में लवाना चैकी इंचार्ज प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि लवाना के दलहन का पुरवा निवासी अन्तिका तिवारी पुत्री सुषील तिवारी (17) वर्षीय कक्षा 9 की छात्रा शुक्रवार की सुबह लगभग 8 बजे साइकिल से विजय सिंह इंटर कालेज मुरेठी स्कूल पढ़ने के लिये जा रही थी कि लवाना चैकी के निकट मानिकपुर सलवन रोड पर ब्रेकिंग न होने के कारण घर की तरफ से स्कूल को जा रही छात्रा अन्तिका तिवारी को मानिकपुर की तरफ से सलवन को जा रही गिट्टी से लदी ओवरलोड डम्फर ट्रक (यूपी-70-एच टी 3352) की अगले टायर की चपेट में आ गई, जिससे छात्रा अन्तिका की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। उधर छात्रा की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना को लेकर परिजनों व ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोष दिखाई दिया। पुलिस ने डम्फर चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पीएम के लिए भेजा। मृतक छात्रा के पिता सुषील तिवारी की तहरीर पर डम्फर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और डम्फर को थाने भेज दिया गया।


छात्रा की मौत के बाद जुड़ी ग्रामीणों की भीड़।

## लाइनमैन की पिटाई से कर्मचारियों मे आक्रोश, पुलिस को दी गई तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संविदा लाइनमैन की पिटाई को लेकर गुरूवार को विद्युतकर्मियों मे आक्रोष देखा गया। नाराज विद्युतकर्मी लालगंज कोतवाली आ धमके। यहां संविदा विद्युतकर्मियों ने घटना पर रोष जताते हुए प्रषासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। पुलिस ने नाराज कर्मियों को कार्यवाही का भरोसा दिलाकर शांत कराया।

लालगंज कोतवाली के विद्युत उपकेंद्र रामपुर बावली में अनेहरा गांव का जंग बहादुर यादव संविदा लाइनमैन है। पन्द्रह सितंबर को रात साढे दस बजे विद्युत उपकेंद्र पर डिहवा पूरे सेवकराय गांव में एलटी लाइन के तार गिरने की सूचना आयी।

जेई के निर्देष पर लाइनमैन जंग बहादुर अपने सहयोगी वीरेन्द्र कुमार के साथ गांव पहुंचा। वहां तार गिरने को लेकर गांव के लालजी पटेल पुत्र मोहनलाल पटेल तथा तीन अज्ञात लोग उसे गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियो ने संविदा लाइनमैन को जमकर मारापीटा। तहरीर मे कहा गया है कि हमले को देख गांव के लोग दौडे तो पीडित की जान बच सकी।

वही लाइनमैन के साथ गांव मे गया उसका सहयोगी विरेन्द्र कुमार किसी तरह जान बचाकर वहां से निकल गया। संविदा लाइनमैन की पिटाई की जानकारी होने पर षुक्रवार को विद्युतकर्मियों मे आक्रोष फैल गया। विद्युतकर्मियों ने उपकेंद्र पर एकत्रित होकर घटना को लेकर गुस्से का इजहार किया। वहीं नाराज विद्युतकर्मी पीड़ित लाइनमैन को लेकर कोतवाली आ पहुंचे। यहां भी लाइनमैन के साथ आये उसके सहयोगियों मे आक्रोष देखा गया। कोतवाली गेट पर नाराज कर्मियों ने प्रषासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। पुलिस ने किसी तरह नाराज कर्मचारियों को समझा कर शांत कराया। पुलिस ने चुटहिल लाइनमैन को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक कमलेष पाल का कहना है कि तहरीर मिली है, केस दर्ज कर आरोपियो के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## संविदा कर्मी को पीटने पर युवक पर मामला दर्ज

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मीटर की रीडिंग करने गए एक विद्युत संविदा कर्मी को युवक ने पीटकर जख्मी कर दिया उसका मोबाइल भी तोड़ दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक पर मामला दर्ज किया है। कंधई थाना क्षेत्र के उमेश कुमार पुत्र रामजीत निवासी ग्राम गोगलापुर ने बताया कि वह करैला पावर हाउस में संविदा कर्मी के रूप में कार्यरत है। गुरुवार को ढाई बजे वह अपने साथी नंदलाल के साथ पारा गांव में मीटर रीडिंग कर रहा था तभी एक युवक ने उसे मारा-पीटा और उसका मोबाइल तोड़ दिया। पीड़ित की तहरीर पर कंधई पुलिस ने युवक पर मारपीट गाली-गलौज जान से मारने की धमकी तथा तोड़फोड़ तथा सरकारी काम में बाधा डालने का मामला दर्ज किया है।

## नवरात्रि के लिए देवी की मूर्तियों को मूर्तिकार दे रहे अंतिम रूप, 26 सितम्बर से प्रारंभ हो रहा नवरात्र

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नवरात्रि में मां के नौ रूपों के दर्षन के लिए पट्टी नगर में मूर्तिकार मूर्तियों को अंतिम रूप देने के लिए तैयार दिखाई दे रहे हैं। कई जगह नगर से बाहर के रहने वाले मूर्तिकार मां की मूर्तियों को तैयार कर चुके हैं और सजावट करके उसे अंतिम रूप दे रहे हैं।

इस बार शारदीय नवरात्र 26 सितंबर से प्रारंभ हो रहा है। 5 अक्टूबर तक चलेगा। इसके लिए पट्टी नगर के रहने वाले मूर्तिकार मां दुर्गा की प्रतिमा वह मिट्टियों की बनावट लगभग तैयार कर चुके हैं। मां दुर्गा के बाघ पर सवार अष्टभुजा से सुसज्जित मां की मूर्तियां तैयार हो रही है। पट्टी नगर से सटे तरदहा गांव में भी मूर्ति बनाने का काम किया जा रहा है मूर्तिकार राहुल सरोज ने बताया कि शारदीय नवरात्रि में अभी लगभग 10 दिन का समय है। लगभग 75 फीसदी मूर्तियां बुक हो चुकी है। कोविड-19 के बाद इस बार कई जगह मां की मूर्ति स्थापित हो रही है। उन्होंने बताया कि हालांकि मूर्ति बनाने का खर्च भी अब बढ़ चुका है। रंग से लेकर हर तरह के खर्चों में वृद्धि हो गई है। साथ ही मूर्तिकारों को मेहनताना अधिक देना पड़ रहा है, इसलिए मूर्तियां महंगी हुई है।


मूर्तिकार द्वारा तैयार की गई मूर्तियां।

## दुर्गा के साथ गणेश की भी मूर्तियों की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मूर्तिकार राहुल का कहना है कि मां दुर्गा की मूर्ति मिट्टी से बनाए जा रहे हैं वही मिट्टी की मूर्ति बनाने के बाद उसका अंतिम रूप रंग से सजावट करने के बाद ही दिया जाएगा उन्होंने बताया कि बाघ पर सवार मां की प्रतिमा के अलावा भगवान गणेष की भी प्रतिमा की मांग चल रही है। नगर से सटे कुंदनपुर कोठियार आदि जगहों पर भी मूर्तियां बनाई जा रही है। मूर्तिकारों ने बताया कि मुंबई के गणेष उत्सव भले ही समाप्त हो चुका है लेकिन अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्रि के समय भगवान गणेष की पूजा की जाती है उन्होंने उम्मीद जताया कि इस बार अन्य वर्षो की अपेक्षा अधिक मूर्त बिकने की संभावना है। मूर्तिकार दिन और रात मूर्तियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं।

## सत्रह सितंबर से इनहन भवानी धाम में होगी श्रीमद्भागवत कथा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के इनहन भवानी धाम स्थित षिव गंगा मण्डपम में आगामी सत्रह सितंबर शनिवार से सामूहिक संगीतमयी श्रीमदभागवत कथा का आयोजन किया गया है। संयोजक संगीतकार सुरेन्द्र ने बताया कि जन कल्याण के निमित्त कथा में वृंदावन श्रीधाम से कथाव्यास देवी रष्मि किषोरी जी श्रद्धालुओं को भागवत का मर्म समझायेंगी। कथा का समापन तेईस सितंबर को होगा।

## खबर संक्षेप

### विद्युत करेंट से बैंक कैशियर की हुई मौत

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली से कुछ दूर किराए के मकान में रह रहे बैंक कैशियर की शुक्रवार की सुबह विद्युत करेंट से मौत हो गयी है। बैंक कर्मी की मौत होने की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। जानकारी के अनुसार सहारनपुर जनपद निवासी अक्षय कुमार सिंह बैंक ऑफ बड़ौदा की देवीगंज शाखा में कैशियर के पद पर तैनात थे कई वर्षो से वह सैनी कोतवाली से कुछ दूर किराए का कमरा लेकर मासूम पुत्री पत्नी और मां के साथ रहते थे आज सुबह घर की छत पर फोन से किसी से बात कर रहे थे मौजूदा समय बरसात हो रही है छत पर पानी भी था खुली हुई केबिल के करेंट की चपेट में वह आ गए जिससे गम्भीर रूप से झुलस गए।सूचना पर स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी। वाकये के समय घर पर उनके परिजन नही थे जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है।

# गैस एजेंसी व दुकान से लाखों का सामान उठा ले गए चोर

## लगातार चोरियों से दहल रहा सिराथू सर्किल क्षेत्र खुलासे के नाम पर पुलिस साबित हो रही फिसड्डी

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू सर्किल क्षेत्र में बीते कई महीनों से चोरी की घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है दर्जनों घटनाओं का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है जिससे चोर गिरोह के हौसले बुलंद हैं चोरी की घटना हो जाने के बाद पुलिस केवल लकीर पीटती रह जाती है कोखराज थाना क्षेत्र के काशिया पश्चिम गांव में बीती रात फिर गैस एजेंसी समेत एक अन्य दुकान का ताला तोड़कर शटर तोड़कर चोर लाखों का सामान उठा ले गए हैं पुलिस की गश्त भी चोरों का पीछा नहीं कर पा रही है सिराथू सर्किल क्षेत्र में चोरी की दर्जनों घटनाएं हो चुकी है खुलासे के नाम पर पुलिस फिसड्डी साबित हो रही है घटना की जानकारी सुबह ग्रामीणों को हुई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है खबर लिखे जाने तक पुलिस पहले की घटनाओं की तरह इस घटना में भी किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पश्चिम



चोरी के बाद घटनास्थल पर लगी भीड़

गांव स्थित गैस एजेंसी के शटर का ताला तोड़कर आधी रात को चोर नगदी उठा ले गए है गैस एजेंसी के बगल में सुनील साहू की दुकान से लैबटाब, प्रिंटर, बैटरी,आदि सामान भी चोर उठा ले गए है आधी रात को चोरी की घटना की जानकारी ग्रामीणों को नहीं हो सकी सुबह जब ग्रामीण दुकान के सामने से जा रहे थे तो देखा दोनों दुकानों का ताला टूटा है शटर खुले हुए हैं। मामले की जानकारी एजेंसी संचालक और दुकानदार को दी गई मौके पर पहुंचे दोनों व्यापारियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी है पुलिस चोरी की घटना की जांच पड़ताल कर खुलासे में लगी है इसके पहले भी इलाके में चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में पुलिस सफल होती नहीं दिख रही है ग्रामीणों ने पुलिस पर भी सवाल उठाया है कि जब कशिया में लगातार पुलिस गश्त का आदेश हैं फिर भी लापरवाह पुलिस गश्त नही कर रही है लाखों रुपए की चोरी से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।लगातार चोरों के हौसलों बुलंद होने से लोगों ने पुलिस पर सवाल खड़ा करना सुरू कर दिया है।

### सोने के जेवर नकदी सहित कीमती सामान उठा ले गए चोर

**कौशाम्बी।** सिराथू सर्किल क्षेत्र के कोखराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत शहजाद पुर पुलिस चौकी क्षेत्र के हसनपुरा गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर में धावा बोलकर सोने के जेवरात व नगदी सहित कीमती सामान उठा ले गए हैं सुबह जब परिजनों ने घर का बिखरा हुआ सामान देखा तो उनके होश उड़ गए बताया जा रहा है कि हसनपुरा निवासी अशोक कुमार पुत्र राम सजीवन के घर में दिनांक 16 सितंबर की रात को अज्ञात चोर घर के भीतर घुसे और सोने के जेवरात नकदी समान सहित कीमती सामान उठा ले गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है सिराथू सर्किल क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं से इलाके के लोग दहशत में हैं।

### बंद घर में घुसे चोर लाखों का उठा ले गए सामान

**कोखराज कौशांबी।** सिराथू सर्किल क्षेत्र के कोखराज थाना अन्तर्गत चाकवन चौराहा झंझागढ़ में बंद घर में घुसे चोर लाखों रुपए का सामान उठा ले गए हैं गृह स्वामी ऑपरेशन कराने परिजनों समेत प्रयागराज गया था सूना घर से चोरों ने लाखों का सामान पार कर दिया है। जानकारी के मुताबिक भरवारी कस्बे के विभिन्न केसरवानी झंझागढ़ में मकान बनाकर रहते हैं उनके पिता की तबीयत खराब हो गई वह उन्हें इलाज कराने इलाहाबाद लेकर चले गए अस्पताल से गृह स्वामी का पुत्र विपिन जब घर पहुँचा तो देखा कि घर का सामान बिखरा हुआ है आलमारी खेत में पड़ी है लाखों का सामान घर से गायब है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर खुलासे का प्रयास शुरू कर दिया है लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है।

### सहज जन सेवा केंद्र में हुई चोरी

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज क्षेत्र में चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ गयी है बेखौफ चोर गिरोह के सदस्यों के हौसले बुलंद हैं पुलिस गिरोह के सदस्यों पर अंकुश लगाती नही दिख रही है कोखराज थाना क्षेत्र के चाकवन चौराहे पर अली अहमद ने सहज जन सेवा केंद्र खोल रखा है बीती रात उनकी दुकान में ताला तोड़कर लैपटॉप मशीन आदि सामान चोर उठा ले गए हैं चोरी गए सामान की कीमत लगभग 60 हजार रुपए बताई जाती है चोरी की सूचना पीड़ित ने थाना पुलिस को दी है खबर लिखे जाने तक चोरों का सुराग नहीं लग सका है।

### डेढ़ वर्षो में नलकूप से चार बार चोरी किसी का पुलिस नहीं कर सकीं खुलासा

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नारा पुलिस चौकी इंचार्ज की निष्क्रियता का आलम यह है कि चोर लगातार इलाके में घूम घूम कर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं और चौकी पुलिस चैन की बंसी बजा रही है जिससे इलाके के लोगों में दहशत के साथ आक्रोश व्याप्त है सेवकुपुर गांव के शशि भूषण सिंह के नलकूप में 3 महीने के बीच लगातार तीन बार चोरी करके उनका पाइप वा अन्य सामान चोर उठा ले गए हैं एक वर्ष पूर्व भी उनके नलकूप से चोरी हो चुकी है 4 बार चोरी की घटनाओं को प्रत्येक बार शशि भूषण सिंह ने चौकी पुलिस को शिकायत की लेकिन किसी मामले का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है इलाके में चोर गिरोह के सदस्य लगातार सक्रिय हैं और घटनाओं का खुलासा पुलिस नहीं कर रही है इससे अधिक चौकी पुलिस की निष्क्रियता का आलम क्या होगा चौकी पुलिस इलाके में गश्त कर अपराध की घटनाओं को रोकने के बजाय पूरी रात किसी खास लोगों से घर आराम फरमाती है जिससे घटनाओं पर अंकुश लगाने में चौकी पुलिस पूरी तरह से फेल दिखाई पड़ रही है इलाके के लोगों ने पुलिस अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नारा चौकी इंचार्ज पर कार्यवाही किए जाने और पूर्व में हुई घटनाओं का खुलासा किए जाने की मांग की है।

# विपणन निरीक्षक के गोदाम से व्यापारी के गोदाम में जा रहा कालाबाजारी का चावल पहुंचा थाने

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जिले में सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी रुकती नहीं दिख रही है सिस्टम ही पूरा खराब हो गया है अधिकारी भी माफियाओं के साथ में लिप्त हो कर सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी में लिप्त दिखाई दे रहे हैं नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री द्वारा दिए जाने वाले खाद्यान्न की कालाबाजारी में पूरा रैकेट सक्रिय है सिराथू तहसील क्षेत्र के सैनी कोतवाली अंतर्गत सरकारी राशन की कालाबाजारी की सूचना ग्रामीणों ने एसडीएम को दिया एसडीएम के निर्देश पर क्षेत्रीय बिपरण अधिकारी ऋचा मौर्या ने सैनी पेट्रोल पंप के नजदीक से एक ट्रक में लदा 210 बोरी चावल को पकड़कर थाने के सुपुर्द कर दिया है इस चावल को बिपरण निरीक्षक की गोदाम में उतारा जाना था लेकिन गोदाम में उतारे जाने के वजह चावल को अझुवा के व्यापारी के यहां भेजा जाने लगा चावल की कालाबाजारी में क्षेत्रीय बिपरण

### कालाबाजारी में लिप्त वरिष्ठ बिपरण निरीक्षक को बचाने के लिए राशन माफिया विभागीय अधिकारियों ने थाने में डाला डेरा



ट्रक चालक से वार्ता करते अधिकारी

निरीक्षक सैनी की भूमिका सवालों के घेरे में है विपणन निरीक्षक के गोदाम में चावल उतरना था लेकिन ट्रक से आधा चावल उतारकर आधा चावल अझुवा भेजा जा रहा था जब एसडीएम को सूचना मिली तब विपणन निरीक्षक ने उसको वापस बुला लिया और थाने सुपुर्द कर दिया अब सवाल उठता है कि आधा चावल उतारने के बाद उसे गोदाम से बिपरण निरीक्षक ने क्यों जाने दिया था यदि अधिकारियों ने जांच कराई तो कालाबाजारी में लिप्त व्यापारियों से क्षेत्रीय बिपरण निरीक्षक की साठगांठ का खुलासा होना तय है जो अधिकारी कालाबाजारी में लिप्त है उसी को मुकदमा लिखाने की जिम्मेदारी दी गई है राशन की कालाबाजारी कैसे बंद होगी बताया जाता है कि चावल कालाबाजारी के लिए अझुवा कस्बे के चर्चित व्यापारी के यहां जा रहा था और यह चर्चित व्यापारी आए दिन विकास भवन के कार्यालय में दिखाई पड़ता है हालांकि अभी तक कालाबाजारी में लिप्त चर्चित व्यापारी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# मन्त्रीगणों के निर्देशों के अनुपालन की मण्डलायुक्त ने की समीक्षा

## जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहें कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश, शासन द्वारा निर्धारित समयावधि तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश, बिना फिटनेस जॉच के स्कूली वाहनों को पकड़कर खड़ी करने के निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त प्रयागराज नोडल अधिकारी विजय विश्वास पंत द्वारा उदयन सभागार में अधिकारियों के साथ मन्त्रीगणों द्वारा जनपद कौशाम्बी के भ्रमण के दौरान दिये गये निदेशों के अनुपालन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम द्वारा जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में कराये जा रहें कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई जिस पर मण्डलायुक्त ने कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी प्रकट करते हुए डीपीआर सहित आदि कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने एवं कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने क निर्देश दियें मण्डलायुक्त ने निराश्रित गोवंशों की समीक्षा के दौरान कहा कि गौशालाओं में भूसा चारा आदि की उपलब्धता की प्रतिदिन की रिपोर्ट प्राप्त की जाय तथा प्रत्येक गौशालाओ में हरे-चारे की पर्याप्त व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाय उन्होंने निराश्रित गोवंशों को पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत से शासन द्वारा निर्धारित समयावधि तक विद्युत आपूर्ति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि निर्धारित समयान्तर्गत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाय तथा जनपद के किसी गॉव की रैण्डम जॉच कराई जाय कि कितनी अवधि तक विद्युत आपूर्ति हो रही है।

बैठक में खाद्य सुरक्षा की समीक्षा के दौरान जिलापूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में 03 राशन की दुकानें निलम्बित है जिस पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है तथा राशन का वितरण सुचारू रूप से किया जा रहा है, जिस पर मण्डलायुक्त ने बनाये गये रोस्टर का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा सभी पात्र लोगों के राशन कार्ड बनाने के निर्देश दियें जनपद में डोर स्टेप डिलेवरी की जानकारी प्राप्त करने पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जनपद में डोर स्टेप डिलेवरी हेतु 55 ट्रके लगी है। मण्डलायुक्त ने कहा कि जिला अस्पताल एवं सभी सीएचसी व पीएचसी पर चिकित्सकों व दवाओं की सूची को चस्पा कर दिया जाय तथा इसका सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय उन्होंने सीएमओ से कहा कि सभी चिकित्सकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित कर दिया जाय कि समय से अस्पताल आये एवं मरीजों का इलाज करें, अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही की जायेगी मण्डलायुक्त द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाये जा रहे गोल्डेन कार्ड की प्रगति की जानकारी प्राप्त करने पर सीएमओ ने बताया कि आयुष्मान पखवाड़ा संचालित किया जा रहा है जिसके तहत तेजी से गोल्डेन कार्ड बनाये जा रहें है, जिस पर मण्डलायुक्त ने तेजी से गोल्डने कार्ड बनाये जाने में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने पर्यटन विभाग द्वारा कराये जा रहें कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि अवशेष रह गए भूमि अधिग्रहण सहित आदि कार्यों को तेजी से पूर्ण कर लिया जाय। मण्डलायुक्त द्वारा स्कूली वाहनों के फिटनेस की जॉच की समीक्षा के दौरान एआरटीओ ने बताया कि कुछ स्कूली वाहनों के फिटनेस की जॉच नही हो पाई है, जिस पर उन्होंने नाराजगी प्रकट करते हुए बिना फिटनेस जॉच के स्कूली वाहनों को पकड़कर खड़ी कराने के निर्देश दियें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि आवास की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पैसे मॉगने की शिकायत न आने पाये, शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाय मण्डलायुक्त ने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान कहा कि निर्माण कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण कराया जाय। उन्होंने सेतुओं के निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं को निस्तारित कर निर्माण कार्यो को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। बैठक में बताया गया कि निमार्णाधीन प्रशासनिक भवन थाना-मंझनपुर को 30 सितम्बर तक हैण्डओवर कर दिया जायेंगा। मण्डलायुक्त ने सभी अधिकारियो से कहा कि अपने तैनाती स्थल पर निवास करना सुनिश्चित करें उन्होंने जनपद में अब तक निर्मित हो चुके पंचायत भवनों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि रोस्टर बनाकर लेखपाल एवं सचिव आदि को ग्राम सचिवालयों में बैठने के निर्देश दिये जायें तथा एक शिकायती रजिस्टर रखा जाय, जिसमें शिकायतकर्ता का नाम, मोबाइल नम्बर, शिकायत का विवरण सम्बन्धित विभाग एवं शिकायत पर कृत कार्यवाही का पूर्ण विवरण अंकित किया जाय उन्होंने सभी ग्राम सविचालयों को सक्रिय कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जो भी अधिकारी ग्राम भ्रमण पर जाये वे शिकायती रजिस्टर को अवश्य सीन करें। उन्होंने अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य में धीमी प्रगति पर नाराजगी प्रकट करते हुए निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय एवं अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



बैठक करते आयुक्त प्रयागराज मंडल साथ में मौजूद डीएम एसपी

### मण्डलायुक्त ने निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त प्रयागराज नोडल अधिकारी विजय विश्वास पंत ने निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज कादीपुर का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया मण्डलायुक्त द्वारा निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज परियोजना यथा-एकेडमिक इमारत, गर्ल्स एवं ब्यॉयज हॉस्टल पार्किंग एवं स्टॉफ रूम आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि निर्माण कार्य मार्च-2023 तक पूर्ण कर लिया जायेंगा जिस पर उन्होंने प्रत्येक माह की कार्ययोजना बनाकर आवश्यकतानुसार मैनपावर लगाकर निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिये, ताकि निर्माण कार्य तय समयान्तर्गत पूर्ण हो सकें उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित किया जा।

# फाइलेरिया मोरबिडिटी मैनेजमेंट पर हुई कार्यशाला

### फाइलेरिया उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

**कौशाम्बी।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत बृहस्पतिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में जनपद के अधीक्षक, बीसीपीएम एवं आशा को फाइलेरिया के मरीजों की देखभाल व कार्यक्रम के बारे में प्रशिक्षित किया गया। साथ ही फाइलेरिया उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं डब्लूएचओ, पाथ, सीफार, पीसीआई के प्रतिनिधियों व स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे विभाग की ओर से 20 फाईलेरिया रोगियों को एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ॰ सुष्पेंद्र कुमार ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लफाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है और एक बार हो जाने के बाद यह ठीक नही होता है इसलिए बचाव ही एकमात्र उपाय है। उन्होने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन के क्षेत्र में जिला मलेरिया विभाग व सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से हम समुदाय में फाइलेरिया को लेकर जन जागरूकता बढ़ाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे हैं। इसके लिए सभी सहयोगी संस्थाओं का सहयोग सराहनीय है। जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने बताया कि ह्लजनपद मे फाईलेरिया रोगियों को किट का वितरण सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से भी किया जा रहा है। तथा उन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर फाइलेरिया रोगियों को स्वयं की देखरेख करने के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है। कार्यशाला में डबल्यूएचओ के प्रतिनिधि डॉ॰ राहुल, पाथ संस्था के प्रतिनिधि डॉ॰ शाश्वत ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी तथा फाइलेरिया रोगियों को सेल्फ केयर के बारे में विस्तार से बताया उन्होने प्रशिक्षण के दौरान फाइलेरिया रोगी राजरानी के साथ सेल्फ केयर कि प्रक्रिया को प्रदशित कर तथा उपस्थित अन्य रोगियों को अपनी केयर के लिए डेमो दिखाकार प्रशिक्षित किया गया। फाइलेरिया



एमएमटीटी किट का वितरण करते सीएमओ

रोगियों की देखभाल का यह प्रशिक्षण आशा कार्यकर्ता व फाइलेरिया रोगी को दिया गया है। जनसमुदाय में फाइलेरिया का विस्तार न हो इसके लिए विभाग निरंतर स्वयं व सहयोगी संस्थाओं एवं मीडिया के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाने में प्रयासरत है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से फाइलेरिया रोगियों को किट ( टब, बाल्टी, मग तौलिया, क्रीम) का वितरण किया। कार्यशाला में पाथ संस्था , सीफार, डबल्यूएचओ के प्रतिनिधि व समस्त सहायक मलेरिया अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के बीसीपीएम, आशा व जिला मलेरिया विभाग के समस्त स्टाफ ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में मौजूद राजरानी 60 वर्ष गाँव नौगिरा निजामपुर सिराथु ने बताया कि मैं पिछले 25 वर्ष से फाइलेरिया रोग से पीड़ित हूं और जब पता चला तो मर्ज काफी बढ़ गया था लेकिन अब मैं लगातार दवा ले रही हूं मैं फाइलेरिया की दवा खाने के लिए सभी से विनती करती हूं। ताकि कोई भी इस भयानक बीमारी से ग्रसित न हो।

### मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित ऑगनबाड़ी केंद्र जाठी का किया वर्चुअली लोकार्पण

**कौशाम्बी।** सीएम द्वारा लोक भवन लखनऊ में राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में 700 ऑगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण शिलान्यास किया गया जिसमें जनपद में नवनिर्मित ऑगनबाड़ी केन्द्र जाठी द्वितीय का भी लोकार्पण किया गया इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने समक्ष एवं सशक्त ऑगनबाड़ी पुस्तिका का विमोचन सहयोग एवं बाल पिटारा ऐप का शुभारम्भ तथा 06 वर्ष की आयु तक के बच्चो के लिए दुलार कार्यक्रम का शुभारम्भ किया इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण उदयन सभागार में किया गया तथा उपस्थित ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मुख्यमंत्री के सम्बोधन को सुना इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश गुप्ता सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं ऑगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहीं।

### मुफ्त मिलने वाले चावल को बेचकर नशा करते हैं नशेड़ी

**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में सरकारी कोटे में मिलने वाला मुफ़्त चावल बाजारों में बिकता हुआ नजर आ रहा है। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कोरोना काल से लेकर गरीबों के लिए प्रधान मंत्री मुफ़्त योजना शुरू की है जिसके चलते सभी सरकारी गल्ले की दुकानों में योजना के तहत मुफ़्त गल्ला वितरित करने का कार्य किया गया जिसके चलते देश के काफी लोगो को लाभ भी प्राप्त हुआ इस वक्त बाजारों में आप देख सकते है कि मुफ़्त में मिलने वाला गल्ला लोग सरकारी गल्ले की दुकान से लाकर बाजारों में बीस रुपया प्रति किलो की दर से बेच दिया जाता है। इतना ही नही बहुत से लोग बाजार में बेचने के बाद मिलने वाली रकम से दारू वा शराब खरीद कर उसका सेवन कर घर में रहने वाली पत्नियों से लड़ाई झगड़ा वा मार पीट कर परिवार की सुख शांति खत्म कर रहे हैं इसकी जांच होनी चाहिए।

# लखीमपुर खीरी की बलात्कार और निर्मम हत्या की सीबीआई जांच हो

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** लखीमपुर खीरी में अनुसूचित जाति की दो बहनों का अपहरण करके बलात्कार किया गया और निर्मम हत्या करके पेड़ पर लटका दिया गया। जिलाध्यक्ष अरुण विद्यार्थी ने उक्त घटना को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन कर महामहिम राजयपाल उतर प्रदेश को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौपा,कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि इस निर्मम बलात्कार और हत्या की (सीबीआई ) से जांच हो पीड़ित परिवार को सुरक्षा दी जायें,पीड़िता के परिवार को पचास, पचास लाख मुआवजा दिया जाये और परिवार में एक सरकारी नौकरी दी जाये।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आपराधिक घटनाओं को रोक पाने में बिल्कुल विफल हैं, महिलाओं को सुरक्षा दे पाने में विफल है, इस सरकार में अनुसूचित जाति के लोगों का उत्पीड़न बढ़ा है और सरकार हर मोर्चे पर विफल है प्रशासन अपनी मनमानी कर रहा है. ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। धरने प्रदर्शन में शाहिद सिद्धकी, मिसबाहउल ऐन, भारत गौतम, मक्खन पासी, आवेश,अनिल, जावेद, जिलानी , सावित्री , मुकेश , प्रेम , कमलाकांत शुक्ला , दिनेश गौतम, इजहार , जावेद , नर नारायण एडवोकेट, शिव करण, प्रेम, मुकेश वीरेंद्र आदि सैंकड़ो की संख्या में कोंग्रेसी नेता मौजूद रहें।



ज्ञापन सौपते कांग्रेसी नेता

### दबंगों के कब्जे से पुलिस ने मुक्त कराई दुर्गा पूजा की जमीन

**कोखराज कौशाम्बी।** थाना कोखराज क्षेत्र के ग्राम नौढिया में दुर्गा पूजा की जमीन पर कब्जा कर दबंग ने ट्रक खड़ा कर दिया था जिसकी शिकायत उप जिलाधिकारी सिराथू से हुई जिस पर लेखपाल व पुलिस टीम ने मौके पर जा कर जाँच पड़ताल की जिस पर ट्रक गलत जगह पर खड़ी थी शिकायत कर्ता शिव श्याम पांडेय पुत्र गिरजा शंकर पांडेय ने बताया कि गाँव के ही सत्य प्रकाश,ओम प्रकाश, शिव प्रकाश, राम प्रकाश,पुत्र माता प्रसाद ने दुर्गा पूजा की जगह पर अपनी ट्रक को खड़ी कर दिया था जिससे नवरात्रि के पर्व में दुर्गा पूजा मनाने में परेशानी हो रही थी जिसको पुलिस व लेखपाल की टीम ने मौके पर जा कर हटवा दिया और दुर्गा पूजा की जमीन को खाली करवा दिया है।

# भागीदारी पार्टी पी द्वारा डॉक्टर रत्नप्पा कुम्हार की मनाई जयंती

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** पथरिया गांव में भागीदारी पार्टी पी के द्वारा संविधान सभा के सदस्य स्वतंत्रता सेनानी पदम डॉक्टर रत्नप्पा कुम्हार की 114वी जयंती मनाई गई है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल उपाध्यक्ष राम प्रसाद प्रजापति सहित कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोग डॉक्टर रत्नप्पा कुम्हार की तस्वीर पर माल्यार्पण किया संचालन कर रहे भागीदारी पार्टी के प्रदेश सचिव एडवोकेट रवी कांत प्रजापति ने कहा कि डॉ रत्नप्पा कुम्हार का जन्म महाराष्ट्र के कोल्हापुर जनपद के नीमसेर गांव में हुआ था उन्होंने आजाद भारत के संविधान निर्माण में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में गठित संविधान सभा के सदस्य के रूप में अपना योगदान दिया था वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रयागराज मंडल कोऑर्डिनेटर भूपेंद्र प्रजापति ने कहा कि डॉक्टर रत्नप्पा कुम्हार ने अपने जीवन में शिक्षा एवं सहकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य भी किया था वहीं महाराष्ट्र सरकार में गृह मंत्री भी रहे थे इसी क्रम में भागीदारी पार्टी जिला अध्यक्ष बुधराम प्रजापति ने कहा कि डॉ रत्नप्पा ने समाज में बालिका शिक्षा संगठन की एकता एवं सामाजिक कुरीतियों के निवारण पर विशेष चर्चा की और समाज सुधार एवं उन्नत पर जोर दिया कार्यक्रम में धर्मेंद्र प्रजापति अयोध्या पाल ओम प्रकाश दिवाकर सत्यम सिंह प्रजापति बच्ची लाल प्रजापति भूपेंद्र प्रजापति एडवोकेट राजेंद्र प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।




रत्नप्पा कुम्हार की जयंती मनाते भागीदारी पार्टी के नेता

## संपादकीय

# सकारात्मक परिवर्तन राष्ट्र की उन्नति में सदैव सहायक

**परिवर्तन** का क्रिया चक्र खुद इस बात का प्रमाण है कि परिवर्तन की खोज ही नवीनता है। परिवर्तन का सीधा-सीधा तात्पर्य जड़ता का नाश और विकास की अनंत गाथा का प्रादुर्भाव होना और स्थिरता का अंत ही है। चलायमान परिवर्तन की विदाई स्थिर और जंगम का का समापन होता है। आज की परिस्थितियों ने जड़ता और स्थिरता को बड़ी चोट दी है। मशीनों का शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का बहुत बड़ा अवदान दिया है, इस परिवर्तन ने मानवीय समाज को को नया अवसर प्रदान किया है। इस परिवर्तन ने काम को सरल बनाया और व्यवस्था को पारदर्शिता के साथ समाज के सम्मुख रखा है। एक युगीन क्रांतिकारी कदम उठाया गया था। इतिहास में सबसे बड़ा तथा पहला परिवर्तन 1215 से मैग्नाकार्टा यानी कि नागरिक अधिकार पत्र की प्राप्ति हुई थी। यह वही समय था कि जब सदियों की जड़ता का प्रतिकार करते हुए मानव मस्तिष्क में नव विकास तथा नव प्रवर्तन का बीज बोया था। परिवर्तन की उस घड़ी में एक बड़े अवसर ने दस्तक दी थी। उसी अवसर का सदुपयोग करते हुए मानव को अधिकार प्रदान किया गया था, अब वह साधन नहीं साध्य बन गया है। अवसर में किए गए प्रयत्नों का परिणाम है कि आज हर सभ्य समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र की पारदर्शिता एवं उपलब्धता के कारण दिया जाता है। विश्व में बढ़ती जनसंख्या के कारण उत्पादन की न तो मात्रा संपूर्ण उपाय थी और ना ही गति के साथ साधन ही उपलब्ध हो पा रहे थे, ऐसे समय में युग में परिवर्तन की करवट ली और माननीय बौद्धिक क्षमता ने मशीनीकरण को जन्म दिया। मशीनीकरण के फल स्वरुप कार्य करने की गति, क्षमता और स्वरूप को बदला गया, मनुष्य ने अवसर के साथ परिवर्तन के चलते नए-नए कल पुर्जों का इजाद किया और प्रयत्नों का अंबार लगा कर संपूर्ण विश्व में औद्योगिक क्रांति का शंखनाद किया। और यही परिवर्तन आज विकास की धुरी है। इस बात से यह स्पष्ट होता है कि परिवर्तन नए-नए विकास तथा अविष्कार को जन्म देता है, और वह समाज के लिए सदैव बहु उपयोगी होते हैं। समाज में या देश में जब जब जनता ने गति रोकने का प्रयास किया तब तब माननीय साहस तथा मस्तिष्क ने उसे अपने प्रयासों से पराजित कर नई युक्ति को जन्म दिया। परिवर्तन वस्तुतः ना केवल जीवन की आवश्यक विशेषता और अपरिहार्य सच है बल्कि वह विकास के प्रत्येक स्वप्न का प्रथम चरण भी है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस 'आय हैव ए ड्रीम' की कल्पना की थी वह परिवर्तन में छिपे अवसर को पाने का ही एक सपना था। महात्मा गांधी जी ने जिस 'स्वराज' की कल्पना की,वह भी अवसर की तलाश की तरफ अग्रसर एक महत्वपूर्ण प्रयास ही था। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने 'यस वी कैन' में भी उसी परिवर्तन को साकार करने की लालसा थी। कुल मिलाकर बात यह है कि जब जब मनुष्य पुराने विचारों जड़ता स्थिरता का प्रतिकार करता है है तब-तब परिवर्तन ने समाज में नवप्रवर्तन आया है।

प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ अनेक अवसर लेकर आया और अवसर को जिसने प्राप्त कर अपने अनुकूल ढालने की सामर्थ्यता दिखाई वह विश्व विजेता कहलाया। मनुष्य का जीवन ही विजय गाथा का एक संवेदनशील गीत और गान है। परिवर्तन के साथ-साथ आए अवसर को पहचान कर जो समाज राष्ट्र आगे बढ़ा है वह निश्चित तौर पर एक प्रबुद्ध शक्तिशाली और महान राष्ट्र बन पाया है।

# नौकरियों में आरक्षण खत्म हो

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**सुप्रीम** कोर्ट में आजकल आरक्षण पर बहस चल रही है। उसमें मुख्य मुद्दा यह है कि आर्थिक आधार पर लोगों को नौकरियों और शिक्षा-संस्थानों में आरक्षण दिया जाए या नहीं? 2019 में संसद ने संविधान में 103 वां संशोधन करके यह कानून बनाया था कि गरीबी की रेखा के नीचे जो लोग हैं, उन्हें 10 प्रतिशत तक आरक्षण दिया जाए। यह आरक्षण उन्हीं लोगों को मिलता है, जो अनुसूचित और पिछड़ों को मिलनेवाले आरक्षण भी शामिल नहीं हैं। यानी सामान्य श्रेणी या अनारक्षित जातियों को भी यह आरक्षण मिल सकता है। उसका मापदंड यह है कि उस गरीब परिवार की आमदनी 8 लाख रुपये सालाना से ज्यादा न हो। यानी लगभग 65 हजार रुपये प्रति माह से ज्यादा न हो। एक परिवार में यदि चार लोग कमाते हों तो उनकी आमदनी 16-17 हजार से कम ही हो। ऐसा माना जाता है कि गरीबी रेखा के नीचे जो लोग हैं, उनकी संख्या 25 प्रतिशत के आसपास यानी लगभग 30 करोड़ है। इन लोगों को आरक्षण देने का विरोध इस तर्क के आधार पर किया जाता है कि देश के ज्यादातर गरीब तो अनुसूचित लोग ही हैं। यदि ऊंची जातियों के लोगों को गरीबी के नाम पर आरक्षण दिया जाएगा तो जो असली गरीब हैं, उनका हक मारा जाएगा। इसके जवाब में अदालत ने पूछा है कि यदि इस आरक्षण में आरक्षितों और पिछड़ों को भी जोड़ लिया जाए तो आरक्षण की सारी मलाई ये वर्ग ही साफ कर लेंगे। अभी तक कानून यह है कि 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण नहीं दिया जाए। ऐसे में एक तर्क यह भी है कि गरीबों को दिया गया आरक्षण अनुसूचितों के लिए नुकसानदेह होगा।

# असाधारण, कुशल एवं प्रभावी वक्ता 'नरेंद्र मोदी'

**लोकेन्द्र सिंह**

**सार्वजनिक** जीवन में संवाद कला का बहुत महत्व है। व्यक्तिगत स्तर और छोटे समूह में लोगों को आकर्षित करना एवं उन्हें अपने से सहमत करना अपेक्षाकृत आसान होता है। किंतु, जन (मास) को अपने विचारों से सहमत करना और अपने प्रति उसका विश्वास अर्जित करना कठिन बात है। सार्वजनिक जीवन में काम करने वाले लोग किसी न किसी माध्यम से ही जन सामान्य तक अपनी पहुंच बनाते हैं। इस प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण है, व्यक्ति किस प्रकार अपने विचार प्रस्तुत करता है। आवश्यक है कि वह जिस रूप में सोच रहा है, वह उसी रूप में जनता के बीच पहुंचे। जो लोग इस प्रकार संवाद कला को साध लेते हैं, वह जनसामान्य से जुड़ जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसी संवाद कला को सिद्ध कर लिया है। वह असाधारण वक्ता और प्रभावी संचारक हैं। प्रधानमंत्री मोदी संचार के 7-सी (7-उ) के सिद्धांत को जीते हैं। संचार के विशेषज्ञ फ्रांसिस बेटजिन ने बताया है कि 7-सी के सिद्धांत का उपयोग कर संचारक बहुत ही सरलता और प्रभावी ढंग से जन (मास) के मस्तिष्क में अपनी बात (संदेश) को पहुंचा सकता है। बहुत बड़े जनसमुदाय से अपनत्व स्थापित कर सकता है। इस सिद्धांत के सातों तत्व- स्पष्टता, संदर्भ , निरंतरता, विश्वसनीयता, विषय वस्तु , माध्यम (उँल्लल्ली') और पूर्णता प्रधानमंत्री मोदी के भाषण में झलकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी जो संदेश देना चाहते हैं, समाज तक वह संदेश स्पष्ट रूप से पहुंचता है। वह अपनी बात को संदर्भ के साथ प्रस्तुत करते हैं, इससे लोगों को उनका संदेश समझने में आसानी होती है और उसमें रुचि भी जाग्रत होती है। वह अपनी बात को निरंतरता और पूर्णता के साथ कहते हैं। किस तरह की बात करने के लिए कौन-सा माध्यम उपयुक्त है, यह भी वह भली प्रकार जानते हैं। युवाओं के साथ संवाद करना है तो वह नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हैं। सोशल मीडिया के सभी मंच और नमो ऐप के माध्यम से वह तकनीक के साथ जीने वाली नई पीढ़ी से संवाद करते हैं। सुदूर क्षेत्रों में संवाद करना है तो वह रेडियो को चुनते हैं। अन्य भारतीय भाषाई क्षेत्रों में क्षेत्रीय भाषा में अपने भाषण की शुरूआत कर, वहां उपस्थित जनता का अभिवादन कर, वे उनका दिल जीत लेते हैं। यही



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण देश की जनता के बीच विश्वास का एक वातावरण बनाते हैं। वह आह्वान करते हैं और देश की जनता उनका अनुसरण करने निकल पड़ती है। प्रधानमंत्री मोदी की वाणी का जादू है कि देश के निश्छल नागरिकों के अंतर्मन में स्वच्छता के प्रति आंदोलन का भाव प्रकट हो जाता है। छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक स्वच्छाग्रही बन जाते हैं। मोदी के कहने पर लाखों लोग गैस की सब्सिडी छोड़ देते है**

कारण है कि उनको चाहने वाले लोग गुजरात और उत्तर भारत में ही नहीं, वरन भारत के दूसरे क्षेत्रों में भी समानुपात में हैं। कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी किसी कुशल संचारक की तरह प्रभावी संचार के सभी तत्वों को ध्यान में रखकर जन संवाद करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा को नजदीक से देखते हैं तो हमें ध्यान आता है कि आज वह जिस शिखर पर हैं, वहां पहुंचने में उनकी संवाद शैली की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भारतीय राजनीति को लंबे समय बाद ऐसा राजनेता मिला है, जिसके संबोधन की प्रतीक्षा समूचे देश को रहती है। लाल किले की प्राचीर से दिए जाने वाले भाषण अब औपचारिक नहीं रह गए। वह एक विशेष वर्ग तक भी सीमित नहीं रह गए हैं। अब देश का जनसामान्य उनको सुनता है। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बोलते हैं तो देश ही नहीं अपितु दुनिया के कान उनके वक्तव्य पर टिके होते हैं। मोदी को चाहने वाले ही नहीं, अपितु उनकी आलोचना करने वाले लोग भी उन्हें अत्यंत ही ध्यानपूर्वक सुनते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संवाद शैली का असर है कि रेडियो फिर से जनमाध्यम बन गया। प्रधानमंत्री मोदी के ह्यमन की बातह्न को सुनने के लिए गांव-शहर में चौपाल लगती हैं। वह जब विदेश में जाते हैं तो प्रवासी भारतीय उनको सुनने के लिए आतुर हो जाते हैं। विदेशों में भारतीय राजनेता को सुनने के लिए इतनी भीड़ कभी नहीं देखी गई है। दरअसल, उन्हें यह अच्छे से ज्ञात है कि कब, कहां और किसके बीच अपनी बात को कैसे कहना है? यदि हम यह मान भी लें कि राजनीतिक सभाओं में भीड़ जुटाना एक प्रकार का प्रबंधन है। फिर भी अब वह दौर नहीं रहा जब आम आदमी हेलीकॉप्टर देखने के आकर्षण में सभा स्थल तक पहुंच जाता था। उस समय अपने प्रिय नेता को देखने के लिए संचार के अत्यधिक माध्यम भी नहीं थे। जबकि आज तो हर समय राजनेता की छवि हमारे सामने उपस्थित रहती है। दूसरी बात यह कि सभा स्थल की अपेक्षा घर में बैठकर अधिक आराम और अच्छे से अपने प्रिय नेता को टेलीविजन पर सीधे प्रसारण में सुना-देखा जा सकता है। ऐसे समय में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रत्यक्ष सुनने के लिए जनता जुटती है तो यह अपने आप में आश्चर्य और शोध-अध्ययन का विषय है। यह उनकी असाधारण भाषण कला का जादू है जो लोग खिंचे चले आते हैं। वे अपनी इस कला से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करना जानते हैं। वह जानते हैं कि आज के युवाओं को किस तरह की भाषा सुनना पसंद है। हिन्दी प्रेमी होने के बावजूद वह अपने भाषण में कुछ वाक्य/तुकबंदी अंग्रेजी के शब्दों की करते हैं। वह तुकबंदी तेजी से लोगों की जुबान पर चढ़ जाती है, जैसा कि वह चाहते हैं। जैसे- रिकॉर्ड देखिए, टेप रिकॉर्ड नहीं, मिनिमम गवर्नमेंट-मैक्सिमम गवर्नेंस, रिफॉर्म-परफॉर्म-ट्रांसफॉर्म, नेशन फर्स्ट (राष्ट्र सबसे पहले)। जीएसटी को उन्होंने कुछ इस तरह परिभाषित किया- ग्रोइंग स्ट्रॉन्गर टुगेदर। वहीं, भीम ऐप को उन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर से जोड़ दिया। उनका दिया नारा सबका साथ-सबका विकास और अच्छे दिन आएंगे आज भी चर्चा और बहस के केंद्र में रहते हैं। अपने राजनीतिक विरोधियों पर जोरदार और असरदार हमला बोलने के लिए वह कैसे आकर्षक शब्द गढ़ते हैं, उसका एक उदाहरण स्कैम भी है। उत्तर प्रदेश के चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने मेरठ की एक रैली में स्कैम का नया अर्थ बताया था। उन्होंने एस से समाजवादी, सी से कांग्रेस, ए से अखिलेश और एम से मायावती को बताया था। उनके इस प्रयोग को बाद में उनके विरोधियों ने भी इस्तेमाल किया। कांग्रेस के राहुल गांधी भी आजकल प्रभावी संवाद के लिए उनकी शैली का अनुसरण करते हैं। गुजरात चुनाव के दौरान उन्होंने जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स बताया था। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी की तरह इस प्रयोग का लाभ राहुल गांधी को नहीं मिला, बल्कि कुछ हद तक नुकसान ही उठाना पड़ा। वाकपटुता में उनका मुकाबला कोई नहीं कर सकता। अपने विरोधियों के आरोपों और अमर्यादित शब्दों को भी वह अपने हित में उपयोग कर लेते हैं। वह स्वयं स्वीकारते हैं कि विरोधियों के फेंके पत्थर (अपशब्दों) से उन्होंने अपने लिए पहाड़ बना लिया है। गुजरात चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने उनके लिए नीच शब्द का उपयोग किया, जिसकी क्षतिपूर्ति कांग्रेस ने गुजरात चुनाव में अपनी पराजय से की। उत्तर प्रदेश चुनाव के दौरान अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के गधा बताया था। जिस पर प्रधानमंत्री मोदी ने जवाबी वार करते हुए कहा कि मैं गर्व से गधे से प्रेरणा लेता हूं और देश के लिए गधे की तरह काम करता हूं। सवा सौ करोड़ देशवासी मेरे मालिक हैं। गधा वफादार होता है उसे जो काम दिया जाता है वह पूरा करता है। यह गधा शब्द सपा को भारी पड़ गया। कहने का अभिप्राय इतना है कि प्रधानमंत्री संवाद कला में इस स्तर तक निपुण हैं कि वह अपने लिए कहे गए अपशब्दों को भी अपनी ताकत बना लेते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण देश की जनता के बीच विश्वास का एक वातावरण बनाते हैं। वह आह्वान करते हैं और देश की जनता उनका अनुसरण करने निकल पड़ती है। प्रधानमंत्री मोदी की वाणी का जादू है कि देश के निश्छल नागरिकों के अंतर्मन में स्वच्छता के प्रति आंदोलन का भाव प्रकट हो जाता है। छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक स्वच्छाग्रही बन जाते हैं। मोदी के कहने पर लाखों लोग गैस की सब्सिडी छोड़ देते हैं। देशवासी उनके कहने पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को किसी बड़े धार्मिक-राष्ट्रीय उत्सव की तरह मनाते हैं। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाणी के प्रति जनता का भरोसा था कि अनेक प्रकार के कष्ट सहकर भी लोगों ने नोटबंदी के बाद पूरी तरह अनुशासन का पालन किया, जबकि समूचा विपक्ष और कुछ मीडिया संस्थान जनता को विद्रोह के लिए लगातार भड़का रहे थे।

# दाने-दाने को मोहताज पाकिस्तान की चिंता अमेरिकी हथियार

**आर.के. सिन्हा**

**पड़ोसी** देश पाकिस्तान की प्राथमिकताएं कभी-कभी हैरान करती हैं। जो देश फिलहाल अपने अब तक के इतिहास की सबसे भयानक बाढ़ से हुई तबाही को झेल रहा है, उसे इस समय बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत देने की तनिक भी चिंता नहीं है। चिंता होती तो इस समय वह अमेरिका से एफ-16 लड़ाकू विमानों की डील को अंतिम रूप देने के लिये उतावलापन न दिखा रहा होता। अमेरिका ने एफ-16 विमान कार्यक्रम के तहत पाकिस्तान को 45 करोड़ डॉलर की मदद देने का ऐलान किया है। जाहिर है इस राशि से बाढ़ के पानी में लाखों बह गए घर बन जाते और बेबस लोगों को मदद पहुंचाई जा सकती थी। पर पाकिस्तान के हुक्मरानों की प्राथमिकता तो कुछ और ही हैं। वहां पर सब अहम फैसले लंबी-लंबी मूछों वाले फौजी जनरल ही लेते हैं। जिनकी उपलब्धि टके भर की भी नहीं होती है। उन्होंने देश को भुखमरी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। आज उनकी गलत नीतियों और भ्रष्ट आचरण ने पूरे पाकिस्तान को भूखे मरने को मजबूर करके रख दिया है। जाहिर है, पाकिस्तान के अमेरिका से एक-16 लड़ाकू विमान खरीदने पर भारत को चिंतित होना भी लाजिमी ही है। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने अमेरिका के समकक्ष से फोन पर बात करके उन्हें भारत की चिंता से अवगत करवा दिया है। राजनाथ सिंह ने ट्वीट कर बताया कि उन्होंने अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन से बातचीत की है । रक्षा मंत्री ने लॉयड से पाकिस्तान के एफ-16 बेड़े को पैकेज देने से संबंधित अमेरिकी सरकार के फैसले को लेकर गंभीर चिंता जाहिर की है। भारत पहले भी पाकिस्तान के इन लड़ाकू विमानों को लेने को लेकर आपत्ति जता चुका है। पाकिस्तान फिलहाल चुप है। पर अमेरिका का कहना है कि यह उनके और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय संबंधों का अहम हिस्सा है। दरअसल पाकिस्तान का जनता का दुर्भाग्य है कि उन्हें बेहद गैरजिम्मेदार नेता और गैरजिम्मेदार सरकारें मिलती रही हैं। ऊपर से पूरी तरह भ्रष्ट सेना ने पाकिस्तान को कहीं का नहीं रहने दिया। अब जरा देखिए कि बाढ़ से बर्बाद पाकिस्तान एक तरफ कटोरा लेकर दुनिया से मदद की गुहार लगा रहा है और, दूसरी तरफ वह हथियारों का सौदा भी कर रहा है। आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने बाढ़ प्रभावित हिस्सों में राहत और पुनर्वास कार्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय मदद मांगनी शुरू कर दी है। बाढ़ की घटनाओं में देशभर में 800 से अधिक लोगों मारे गये हैं और लाखों लोगों के बेघर हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान में बाढ़ से हुए नुकसान पर दुख भी जताया है। माना जा रहा था कि भारत पाकिस्तान को इस संकट के समय मदद भी देगा। लेकिन, पाकिस्तान मदद मांगे भी तो किस मुंह से ? पर क्या भारत को उस पाकिस्तान को मदद देनी चाहिए जो एफ-16 लड़ाकू विमान खरीद रहा है? किसे नहीं मालूम कि ये लड़ाकू विमान भारत पर हमला करने के लिए ही खरीदे जा रहे हैं। दूसरा इन रक्षा सौदों को इसलिए भी किया जाता है, ताकि कुछ नेताओं और जनरलों को मोटी कमाई हो जाए। साफ है कि पाकिस्तान के कर्णधारों को अपने अवाम की फिक्र ही कहां है। पकिस्तान में बाढ़ के चलते भारी संख्या में घर उजड़ गए हैं। खेत तबाह हो गए हैं। पेट्रोल पंप डूब गए हैं। बाढ़ ने सबसे ज्यादा तबाही पाकिस्तान के सिंध प्रांत में मचाई है। देश का एक तिहाई हिस्सा बाढ़ में डूबा हुआ है। बाढ़ ने पाकिस्तान में अनाज से लेकर पीने का पानी तक छीन लिया है। सिंध और पंजाब में कपास की खेती बर्बाद हो चुकी है। कपास की करीब 10 लाख एकड़ की फसल बाढ़ के चलते तबाह हो चुकी है। इसके अलावा, 6 लाख एकड़ का चावल, एक लाख एकड़ में लगा खजूर और करीब 7 लाख एकड़ में लगा गन्ना तबाह हो चुका है। वहीं, 50 फीसद सब्जियां भी बर्बाद हो चुकी हैं। पर वह फिर भी हथियार लेने के लिए उतावला दिखता है।

दरअसल पाकिस्तान में सरकार चाहे इमरान की हो या शहबाज शरीफ की, उन्हें जनता के दुख-दर्द से कोई सरोकार नहीं है। उनका सारा फोकस रक्षा बजट में बढ़ोतरी करना रहता है। उन्हें देश में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने की रत्तीभर भी चिंता नहीं है। वहां पर इंफ्रास्ट्रक्चर नाम की कोई चीज नहीं है। शिक्षा और सेहत पर भी खर्च को लेकर किसी तरह की गंभीरता नजर नहीं आती। उन्हें तो अपना रक्षा बजट ही बढ़ाना है। इसका एक उदाहरण ले लीजिए। पाकिस्तान ने चालू वित्त वर्ष का रक्षा बजट पिछले वर्ष के मुकाबले 11 प्रतिशत से बढ़ाकर 1523 अरब रुपये कर दिया है। पाकिस्तान में वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 9502 अरब रुपये का वार्षिक बजट पेश किया। इसमें रक्षा क्षेत्र के लिए 1523 अरब रुपये आवंटित किए गए हैं। बजट अनुमानों के अनुसार, कर्ज के भुगतान के बाद पाकिस्तान रक्षा क्षेत्र में वार्षिक आधार पर सबसे अधिक खर्च कर रहा है। पाकिस्तान सरकार ने रक्षा क्षेत्र के लिए 1,523 अरब रुपये की प्रतिबद्धता जताई है, जो पिछले साल के 1,370 अरब रुपये से अधिक है। हालांकि, इसे बाद में रक्षा मंत्रालय की मांग पर बढ़ाकर कर 1,450 अरब रुपये कर दिया गया था। इस साल 1,523 अरब रुपये का रक्षा आवंटन पिछले साल के 1,370 अरब रुपये के आवंटन की तुलना में 11.16 प्रतिशत अधिक है। गौर करें कि पाकिस्तान के बजट में कर्ज अदायगी पर खर्च बढ़कर कुल बजट का 29.1 प्रतिशत हो गया है। यह सरकार का सबसे बड़ा व्यय है और चालू व्यय का 45.4 प्रतिशत है। सीधी सी बात है कि पाकिस्तान सुधरने वाला मुल्क नहीं है। वहां पर बाढ़ से तबाही आए या फिर कोई अन्य कारण रहे, पाकिस्तान का पागलपन जारी रहता है। पिछले 75 सालों में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन गया और पाकिस्तान कटोरा लेकर दुनिया के सामने खड़ा है। विकास से कोसों दूर बसती है पाकिस्तान की दुनिया। हां, पाकिस्तान ने अपने को आतंकवाद की फैक्टरी के रूप में जरूर स्थापित कर लिया है। सबको पता है कि पाकिस्तान में ही रह रहा था ओसामा बिन लादेन। मौलाना अजहर महमूद और हाफिज सईद जैसे मानवता के दुश्मन आज भी पाकिस्तान में ही मौज काट रहे हैं। जाहिर है, उस देश का ऊपर वाला भी भला नहीं कर सकता।

# करिश्माई व्यक्तित्व के धनी प्रधानमंत्री 'नरेन्द्र मोदी'

**दीपक कुमार त्यागी**

**भारत** की राजनीति में चंद लोग ही ऐसी शख्सियतों में शुमार हैं, जो देश के आम जनमानस के बीच बहुत लंबे समय तक अपनी लोकप्रियता को कारगर रूप में बनाए रखने में सफल हो पाये हैं। 'भारतीय जनता पार्टी' जनता की अदालत में वर्ष 2014 से आम जनमानस के बीच लोकप्रियता के नित-नये कीर्तिमान बनाने के एक बेहद शानदार दौर से गुजर रही है, भाजपा अपने सबसे प्रभावशाली ब्रांड 'नरेन्द्र मोदी' के बलबूते देश के सभी विपक्षी दलों को चुनावी रणभूमि में आयेदिन जबरदस्त ढंग से शिकस्त दे रही है। आज देश में भाजपा प्रधानमंत्री 'नरेन्द्र मोदी' के बेहद करिश्माई व्यक्तित्व की बदौलत ही लगातार केन्द्र की सरकार में दूसरी बार भी भारी बहुमत के साथ काबिज है। वर्ष 2014 से देखें तो भाजपा 'नरेन्द्र मोदी' के नेतृत्व में जनता के बीच में अपनी बेहद मजबूत पैठ बनाने में कामयाब हो गयी है, प्रधानमंत्री 'नरेन्द्र मोदी' अपनी कार्यशैली के चलते जनता के द्वारा मिल रहे अपार प्रेम के दम पर भारतीय राजनीति में सफलता की गारंटी वाला सबसे बड़ा ब्रांड बन चुके हैं। आज देश के राजनीतिक गलियारों में सत्ता पक्ष व विपक्ष किसी के भी पास 'नरेन्द्र मोदी' के करिश्माई व्यक्तित्व का कोई भी तोड़ नहीं है, जनता की अदालत में 'मोदी' आज देश के सबसे बड़े विश्वसनीय राजनेता का चेहरा बन के सर्वोच्च पायदान पर पहुंच कर एक सफल बड़ा ब्रांड बन चुके हैं। गुजरात के वडनगर के एक बेहद साधारण एक आम परिवार में 17 सितंबर 1950 को जन्में 'नरेन्द्र मोदी' 17 सितंबर को 72 बरस के हो गए हैं, कभी स्टेशन पर एक चाय बेचने वाले बच्चे के रूप में अपने जीवन का सफर शुरू करने वाले 'नरेन्द्र मोदी' ने अपने मेहनत के बलबूते ही शून्य से शिखर तक की दूरी सफलतापूर्वक तय करते हुए, देश का प्रधानमंत्री बनने का तक का कार्य करके देश-दुनिया के इतिहास में दर्ज होने का कार्य किया है। हालांकि जीवन पथ पर चलते हुए आम आदमी की तरह ही 'नरेन्द्र मोदी' ने भी दुश्वारियों से परिपूर्ण अनेकानेक उतार-चढ़ाव देखें थे, लेकिन 'नरेन्द्र मोदी' ने हमेशा ही बिना घबराए धैर्य के साथ लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतर संघर्ष करना जारी रखा, जिसके दम पर ही वह पहले तो गुजरात के मुख्यमंत्री बने और आज उस जुनून के दम पर ही 'नरेन्द्र मोदी' भारत के सर्वोच्च पदों में से एक प्रधानमंत्री पद पर 26 मई 2014 से लगातार काबिज हैं, अब इस पद पर उनका दूसरा सफल कार्यकाल चल रहा है। हालांकि जिस वक्त 26 मई 2014 में गुजरात के मुख्यमंत्री से 'नरेन्द्र मोदी' ने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी, उस वक्त देश में एक अलग ही तरह की बेहद नकारात्मक राजनीतिक हालात वाला दौर चल रहा था, देश की जनता को लगता था कि पूर्ववर्ती सरकार में व्याप्त अव्यवस्थाओं के चलते भ्रष्टाचार, निर्णय लेने की क्षमता की भारी कमी, सिस्टम में बैठे लोगों में आत्मविश्वास की कमी, विभिन्न आर्थिक अपराधों से 'नरेन्द्र मोदी' उन लोगों को कैसे पार दिला पाएंगे। उस वक्त देश का एक आम देशवासी भी यह सोचता था कि प्रधानमंत्री 'नरेन्द्र मोदी' आम जनमानस के बीच में 'देश में अब कुछ नहीं हो पाएगा' कि नकारात्मक सोच को कैसे बदल पाएंगे। लेकिन प्रधानमंत्री 'नरेन्द्र मोदी' ने अपने करिश्माई व्यक्तित्व व बेहद दमदार कारगर कार्यशैली के दम पर देश में बहुत ही कम समय में नकारात्मक हालातों को बदलना शुरू कर दिया और आम जनमानस के बीच यह विश्वास जगाने का कार्य किया कि 'मोदी है तो मुमकिन है', उस वक्त बेहद कम समय में ही 'नरेन्द्र मोदी' प्रधानमंत्री के रूप में देश के आम लोगों की उम्मीदों पर खरे उतरे। वैसे तो उस वक्त बहुत सारे देशवासियों के मन में 'नरेन्द्र मोदी' को प्रधानमंत्री के रूप में लेकर के बहुत सारी शंकाएं व आकांक्षाएं दोनों ही बहुत ज्यादा थीं, लेकिन प्रधानमंत्री 'नरेन्द्र मोदी' ने भी लोगों की इन सभी शंकाओं व धारणाओं को बदलते हुए, उनकी उम्मीद व आकांक्षाओं पर खरा उतरते हुए, देश में अपने इर्दगिर्द घूमती हुई सत्ता के बेहद ताकतवर केंद्र बिंदु का निर्माण करके इतिहास रचने का कार्य किया था। जिसके चलते ही आज प्रधानमंत्री 'नरेन्द्र मोदी' भाजपा के दिग्गज राजनेताओं के साथ, पार्टी के आम कार्यकताओं से लेकर के, देश के आम जनमानस के एक बहुत बड़े वर्ग के बीच में भी बेहद लोकप्रिय हैं।

## अंभगोमी और दिन के सितारे

**डॉ. सुरेश कुमार**

**अंभगोमी** (अंध भक्त गोदी मीडिया) ने दुकानदार से पूछा, भाई साहब क्या आपके पास चिल्लर बस्ती के लोगों का डेटाबेस मिल सकता है? दुकानदार की आँखें नाक पर गड़ाए ऐनक से उठी और अंभगोमी पर जम गई और बोला, चिल्लर बस्ती, लूट बाजार, धोखा गंज सबका डेटाबेस चुटकियों में दे सकता हूं। सिर्फ आप काम का दाम तय कीजिए। आपका हर काम चुटकियों में कर सकता हूँ। लीजिए अभी आपको चिल्लर बस्ती का डेटाबेस बताएँ देता हूँ। इतना कहते हुए दुकानदार की उंगलियाँ कंप्यूटर कीबोर्ड पर नाचने लगीं। सारा डेटा आंखों के सामने था। उसने बताया चिल्लर बस्ती में कुल 9211 लोग रहते हैं। इनमें 5411 पुरुष, 3787 महिलाएं और 13 अन्य भी रहते हैं। इनमें काम के पुरुष और महिलाएं इतने और बेकार के इतने रहते हैं। इनमें वोट देने वाले इतने और वोट न देने वाले इतने लोग हैं। अंभगोमी जानकारी सुनकर खुश हो उठा। उसके साथ उसका मित्र टकला भी आया था। दुकानदार की बातें सुन उस के तोते उड़ गए। उसने दुकानदार से कहा आप तो खड़े-खड़े लोगों को बेच रहे हैं। दुकानदार ने कहा, मैं खड़े-खड़े नहीं बैठे-बैठे बेच रहा हूँ। लोगों को नहीं, उनकी जानकारी को। साहब आज का जमाना दम से नहीं दाम से चलता है। दाम हर काम करता है। टकले ने भौंहे चढ़ाते हुए कहा, दोनों में फर्क क्या है? बस फर्क इतना है कि लोगों को इसे समझने में समय लगता है। तभी एक बंदा और आया। उसने दुकानदार से भिखारी मोहल्ले के लोगों के नाम, फोन नंबर, ईमेल आईडी, फेसबुक अकाउंट और आदतों की जानकारी मांगी।

## फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप युवा पीढ़ी के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का आदर्श मंच : बाला देवी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम की पूर्व कप्तान बाला देवी ने कहा है कि भारत की मेजबानी में होने वाला आगामी फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप युवा पीढ़ी के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और खुद के लिए एक जगह बनाने का आदर्श मंच है। उन्होंने कहा, फीफा अंडर -17 महिला विश्व कप में हमारी अंडर -17 लड़कियां शामिल होंगी, और मैं इस अवसर पर अपने दोस्तों, माता-पिता और साथी नागरिकों को विश्व कप देखने और हमारे खिलाड़ियों का समर्थन करने के लिए स्टेडियम आने के लिए आमंत्रित करना चाहती हूं।



द्विवार्षिक आयोजन के बारे में पूछे जाने पर करिश्माई स्ट्राइकर ने कहा, हां, निश्चित रूप से, भारत फीफा अंडर -17 महिला विश्व कप की मेजबानी कर रहा है, यह हम सभी के लिए शानदार खबर है। विश्व कप के दौरान युवा प्रतिभाएं महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह आयोजन युवा पीढ़ी के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और खुद के लिए एक जगह बनाने का आदर्श मंच है। बाला देवी ने टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए भारतीय टीम का समर्थन करते हुए कहा, मुझे विश्वास है कि ये लड़कियां हमें गौरवान्वित करेंगी। भारतीय महिला टीम को ग्रुप ए में मोरक्को, ब्राजील और संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के साथ रखा गया है। फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप भारत 2022 तीन स्थानों - नवी मुंबई, भुवनेश्वर और गोवा में आयोजित होने वाला है। हालांकि भारतीय टीम अपने सभी ग्रुप मैच भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेलेगी।

## बारिश की भेंट चढ़ा इंग्लैंड लिजेंट्स और साउथ अफ्रीका लिजेंट्स का मैच, मायूस हुए क्रिकेट प्रेमी

**कानपुर।** ऐतहासिक ग्रीन पार्क स्टेडियम में इंग्लैंड लिजेंट्स और साउथ अफ्रीका लिजेंट्स के बीच होने वाला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। बुधवार से शुरू हुई बारिश अब भी रुक-रुक कर हो रही है। क्रिकेट प्रमियों को निराशा हाथ लगी है। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच मैच खेला जाना था लेकिन बारिश से मैच होने की संभावनाओं पर पानी फिर गया। बारिश के कारण भारत और वेस्टइंडीज के बीच प्रस्तावित मैच पहले ही स्थगित हो चुका है। बारिश के कारण मैदान में जलभराव हो गया है। लगातार बारिश होने के कारण ग्रीन पार्क में स्टाफ ने मैदान को सुखाने का प्रयास ही नहीं किया। क्रिकेट का जुनून लोगों में किस कदर हावी है, इसकी नजीर भी सामने पेश हुई। पूरे दिन बारिश होने से लोगों को अंदाजा था कि मैच नहीं हो सकेगा। उसके बाद भी स्टेडियम में काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी पहुंच गए। बारिश के कारण दर्शक मायूस नजर आये। मैच रेफरी की ओर से निर्णय आया की कानपुर में बारिश के कारण मैच नहीं हो सकता है।



## नेपाल में खेलेगी हिमाचली बाला, ताईक्वांडो में दिखाएगी जौहर

**ऊना।** हिमाचली बाला लारन्या शर्मा नेपाल में होने जा रही तीसरी अंतर्राष्ट्रीय ओपन ताईक्वांडों चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाएगी। उना जिला से संबंधित 16 वर्षीय लारन्या शर्मा जूनियर कैटेगरी के 52 केजी वेट में भाग लेने के लिए भारत से 19 या 20 सितंबर को रवाना होगी। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन नेपाल ताईक्वाडों एसोसिएशन द्वारा 23 से 25 सितंबर तक पोखरा स्टेडियम में करवाया जा रहा है। जिसमें विश्वभर के ताईक्वाडों खिलाड़ी भाग लेंगे। हिमाचली बाला का इस प्रतियोगिता में भाग लेना प्रदेश व जिला उना के लिए गर्व की बात है। बता दें कि लारन्या शर्मा ऊना जिला के गांव अजौली की रहने वाली है, इनके पिता पीएनबी बैंक में मैनेजर के पद पर तैनात हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। लारन्या शर्मा ताईक्वाडों में ब्लैक बेल्ट सेंकड डिग्री है और कई बार राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में विजयी परचम लहरा चुकी है। इसके अलावा लारन्या शर्मा चार बार नेशनल खेल चुकी हैं। 2019 में हुए कोरियन कल्चर कप में लारन्या शर्मा ने ब्रांज मेडल अपने नाम किया था।

# टेनिस जगत के बादशाह रोजर फेडरर ने कर दी संन्यास की घोषणा

**नई दिल्ली।** टेनिस जगत के बादशाह स्विट्जरलैंड के स्टार रोजर फेडरर ने अपने संन्यास की घोषणा कर दी है। 41 साल के इस टेनिस सुपर स्टार ने 24 साल लंबे करियर में 1500 से ज्यादा मुकाबले खेले। इस दौरान वह अमेरिका के पीट सैमप्रास के सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी को रिकार्ड को अफने नाम किया। लेबर कप 2022 उनके करियर का आखिरी मुकाबला होगा, इसके बाद वह इस खेल से संन्यास ले लेंगे।

इस दिन टेनिस जगत पर दो दशक तक राज करने वाले महान खिलाड़ी रोजर फेडरर ने अपने संन्यास की घोषणा की। 20 ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम करने वाले इस दिग्गज ने इस साल लेबर कप के बाद खेल को अलविदा करने का फैसला लिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करते हुए उन्होंने अपनी बात फैंस तक पहुंचाई। फेडरर ने अपने संन्यास की घोषणा करते हुए वीडियो जारी किया। इसमें उन्होंने कहा, 'मैं 41 साल का हो चुका हूं, पिछले 24 सालों में मैंने 1500 से ज्यादा मुकाबलों में खेला और टेनिस ने मुझे उससे कहीं ज्यादा दिया है जिसका सपना देखा था। अब मुझे इस बात को समझना होगा कि आखिर मेरे इस करियर का अंत का वक्त कब है।'



साल 2009 में फेडरर ने सैमप्रास के 14 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के रिकॉर्ड को तोड़ा था। हालांकि इसके बाद स्पेन के राफेल नडाल और सर्बिया के नोवाक जोकोविक से वह इस मामले में पिछड़ गए। 237 हफ्ते तक लगातार फेडरर ने नंबर एक टेनिस खिलाड़ी बने रहने का रिकॉर्ड बनाया। करियर में डबल ओलिंपिक गोल्ड के साथ कुल 103 ट्रॉफी उन्होंने अपने नाम की।

**रोजर फेडरर का करियर**

अपने 24 साल के लंबे करियर में फेडरर ने कुल 20 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते जिसमें सबसे ज्यादा 8 विंबलडन खिताब रहे। 6 बार उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ओपन पर कब्जा जमाया जबकि 5 यूएस ओपन खिताब अपने नाम किए। करियर में उनके लिए सबसे मुश्किल फ्रेंच ओपन रहा लेकिन 1 बार इसे भी जीत करियर स्लैम पूरा किया।

**सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम**

इस वक्त स्पेन के नडाल के पास 22 ग्रैंड स्लैम खिताब है। सर्बिया के जोकोविक ने कुल 21 ग्रैंड स्लैम अपने नाम किए हैं।

फेडरर 20 स्लैम के साथ लिस्ट में तीसरे नंबर पर आते हैं। सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने का रिकॉर्ड अमेरिका की पूर्व महिला स्टार सेरेना विलियम्स के नाम दर्ज हैं। उन्होंने कुल 23 ग्रैंड स्लैम हासिल किए हैं।

# टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान के टीम की घोषणा, इन खिलाड़ियों को मौका

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आइसीसी टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान के टीम की घोषणा कर दी गई है। भारत ने इसी हफ्ते टीम की घोषणा की थी जिसके बाद से ही पाकिस्तान के टीम के ऐलान होने की इंतजार किया जा रहा था।

एशिया कप में खेलने वाली के ही खिलाड़ियों को टी20 विश्व कप में रखा गया है। तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की वापसी हुई है जबकि कोहनी की चोट की वजह से फखर जमां को मुख्य टीम में जगह नहीं दी गई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आइसीसी टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम की कमान बाबर आजम के हाथों में है जबकि शादाब खान को उपकप्तान बनाया गया है। चोट की वजह से एशिया कप से बाहर हुए तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने टीम में वापसी की है। वहीं मोहम्मद वसीम जूनियर भी टीम में हैं। अनुभवी बल्लेबाज फखर जमां जो एशिया कप में चोटिल हो गए थे। उनको रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर रखा गया है। मोहम्मद हासिर और शाहनवाज दहानी को भी उनके साथ रखा गया है। पाकिस्तान को भारत, बांग्लादेश, साउथ अफ्रीका और दो क्वालीफायर खेलने वाली टीम के साथ रखा गया है। 23 अक्टूबर को पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट में पहला मैच चिर प्रतिद्वंदी भारत के साथ खेलेगी। टीम को एशिया कप के फाइनल और इससे पहले मिली श्रीलंका के खिलाफ हार ने धक्का पहुंचाया है।



**टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की टीम**

बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), इफ्तिखार अहमद, खुशदिल शाह, हैदर अली, शादाब खान, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, हारिस रउफ, शाहीन अफरीदा, आसिफ अली, शान महमूद, उस्मान कादिर

**रिजर्व खिलाड़ी**

फखर जमां, मोहम्मद हारिस, शाहनवाज दहानी

## 36वें राष्ट्रीय खेल के लिए झारखंड राज्य कुश्ती टीम घोषित

**रांची।** 36वें राष्ट्रीय खेल का आयोजन 30 सितंबर से दो अक्टूबर तक गांधीनगर (गुजरात) में होगा। इसमें झारखंड की कुश्ती टीम भी भाग लेगी। इसमें शामिल होने से पूर्व झारखंड के चयनित महिला एवं पुरुष कुश्ती टीम का प्रशिक्षण शिविर 16 सितम्बर से बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, रांची में आयोजित किया जायेगा।



प्रशिक्षण शिविर के बाद झारखंड कुश्ती टीम 27 सितंबर को रांची से गांधीनगर के लिए रवाना होगी। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले कुश्ती खिलाड़ियों कस चयन हुआ है। इनमें पुरुष ग्रीको रोमन टीम अविनाश कुमार, प्रकाश सिंह बादल, राहुल कुमार भीष्म कुमार, शुभम शर्मा, विवेक चौधरी शामिल हैं। स्टैंड बाई में जुगल साव, साहिल अंसारी शामिल हैं। दूसरी ओर पुरुष फ्री-स्टाइल टीम में नीतीश कुमार, चंदन यादव, मुकुल मिश्रा, इंद्र बहादुर सिंह, राजीव रंजन, कौशल कुमार शामिल हैं जबकि स्टैंड बाई में सत्यम सुमित्रा और अनिकेत कुमार शामिल है। इसके अलावा महिला वर्ग में राखी तिर्की, मधु तुर्की, उत्सवी चतुर्वेदी, यश्मीना खातून , पूजा रानी, ऐश्वर्या साक्षी और स्टैंड बाई में कोमल मरांडी एवं सरिता उरांव शामिल हैं। झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार ने गुरुवार को बताया कि पुरुष ग्रीको रोमन और पुरुष फ्री-स्टाइल में दो स्टैंड बाई सहित आठ-आठ खिलाड़ी शामिल किये गये हैं। महिला वर्ग में भी कुल आठ खिलाड़ी शामिल हैं। प्रशिक्षण शिविर में सभी चयनित खिलाड़ियों को भाग लेना है।

# एमआई केप टाउन के मुख्य कोच बने साइमन कैटिच, हाशिम अमला को भी मिली बड़ी जिम्मेदारी

**केपटाउन।** एमआई केप टाउन ने यहां 19 सितंबर को होने वाली उद्घाटन एसए20 लीग खिलाड़ी नीलामी से पहले अपने कोचिंग टीम की घोषणा की। एसए20 दक्षिण अफ्रीका की प्रमुख टी-20 क्रिकेट लीग है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज साइमन कैटिच एमआई केप टाउन के मुख्य कोच का पद संभालेंगे, जबकि दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर हाशिम अमला बल्लेबाजी कोच के रूप में टीम में शामिल होंगे। साइमन को मैदान पर लंबा अनुभव है और खेल के प्रति अपने सीधे और बुद्धिमान दृष्टिकोण के लिए उन्हें पहचाना जाता है। हाशिम, जो अपनी निरंतरता के लिए जाने जाते हैं, के नाम सबसे तेज 2000, 3000, 4000, 5000 और 6000 एकदिवसीय रन बनाने का रिकॉर्ड है।

इनके अलावा न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज जेम्स पैमेंट को फील्डिंग कोच और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी और घरेलू कोच रॉबिन पीटरसन को टीम का महाप्रबंधक नियुक्त किया गया है। पैमेंट वर्तमान में मुंबई इंडियंस के क्षेत्ररक्षण कोच हैं, वह अपनी इस भूमिका में बने रहेंगे। वहीं, पीटरसन अतीत में मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके हैं।



रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी ने मुंबई इंडियंस द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, मुझे एमआई केप टाउन कोचिंग टीम में साइमन और हाशिम का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। जेम्स और रॉबिन के साथ, हम एक टीम बनेंगे। जो दक्षिण अफ्रीका में क्रिकेट के एमआई ब्रांड को विकसित करेंगे। एमआई केप टाउन के मुख्य कोच साइमन कैटिच ने कहा, एमआई केप टाउन के लिए मुख्य कोच की स्थिति की पेशकश करना एक पूर्ण सम्मान है। एक नई टीम को एक साथ रखना, कौशल विकसित करना और टीम संस्कृति का निर्माण करना हमेशा विशेष होता है। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए उत्सुक हूं कि एमआई केप टाउन एक ऐसी टीम के रूप में विकसित हो जो स्थानीय प्रतिभा का लाभ उठाए और इसके दिल में एमआई के मूल मूल्य हों। एमआई केप टाउन के बल्लेबाजी कोच हाशिम अमला ने कहा, मैं एमआई केप टाउन के साथ इस कार्य को करने के लिए रोमांचित हूं। एमआई मालिकों, प्रबंधन और मेरे प्रबंधक को इसे इतनी आसानी से सुगम बनाने के लिए बहुत धन्यवाद। उन्होंने जो कुछ भी योजना बनाई है, वह दिखता है। जैसे यह एक अद्भुत मंच बनने जा रहा है जो हमारी स्थानीय प्रतिभाओं को आकर्षित करेगा। एक खिलाड़ी और संरक्षक के रूप में अपने अनुभव को लेकर मैं एमआई केपटाउन के खिलाड़ियों की मदद करने के लिए उत्साहित हूं ताकि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट को भी मजबूत बना सकें।

## अश्विन टी-20 विश्व कप में आस्ट्रेलियाई विकेट पर शानदार प्रदर्शन करेगा : विटोरी

**कोलकाता ।** न्यूजीलैंड के पूर्व स्पिनर डेनियल विटोरी को लगता है कि आर अश्विन की परिस्थितियों से तेजी से सामंजस्य बैठाने की काबिलियत और आस्ट्रेलियाई परिस्थितियों की अपार जानकारी उन्हें टी-20 विश्व कप के दौरान मदद करेगी। आस्ट्रेलिया की तेज और उछाल भरी पिचों की बात आती है तो स्पिन गेंदबाज इतने प्रभावी नहीं होते और भारत के पास अक्टूबर-नवंबर में होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट के लिए अश्विन, युजवेंद्र चहल और अक्षर पटेल जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान विटोरी यहां लीजेंड्स लीग क्रिकेट के दूसरे चरण में खेलने के लिए यहां आए हुए हैं। उन्होंने कहा- हम सभी जानते हैं कि अश्विन टेस्ट में शानदार रहे हैं। सबसे अच्छी बात है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन करके आ रहे हैं और उन्हें भारत के लिए टी-20 टीम में शामिल किया गया है।

# एसए20 लीग : पार्ल रॉयल्स के मुख्य कोच बने जेपी डुमिनी

**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज जेपी डुमिनी को दक्षिण अफ्रीका की नई टी 20 लीग एसए20, फ्रैंचाइजी पार्ल रॉयल्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। डुमिनी के अलावा रिचर्ड दास नेव्स, मंडला माशिम्बी, मार्क चार्लटन, लिसा केइटली और रसेल एस्पेलिंग कोचिंग टीम में शामिल हैं। रॉयल्स स्पोर्ट्स ग्रुप की नवीनतम विदेशी फ्रेंचाइजी, पार्ल रॉयल्स ने आज अपने कोचिंग स्टाफ की घोषणा की,जो क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की आधिकारिक रूप से स्वीकृत लीग - एसए20 के उद्घाटन संस्करण में हिस्सा लेगी। लीग की शुरुआत जनवरी 2023 में होनी है। 38 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज डुमिनी ने 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उसी वर्ष उन्होंने पार्ल रॉयल्स की पार्टनर फ्रैंचाइज़ी, बारबाडोस रॉयल्स (तब बारबाडोस ट्राइडेंट्स के रूप में जाना जाता था) के साथ कैरेबियन प्रीमियर लीग का खिताब भी जीता था। इसके बाद वह 2021 में दक्षिण अफ्रीकी पुरुष टीम के लिए एक रणनीतिक सलाहकार और घरेलू पक्ष लायंस के बल्लेबाजी सलाहकार के रूप में कार्य कर रहे हैं। डुमिनी ने राजस्थान रॉयल्स द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, मेरा हमेशा से पार्ल के साथ बहुत करीबी संबंध रहा है, मैंने बोलैंड पार्क में अपना काफी क्रिकेट खेला है, और इसलिए यह मेरे लिए एक सम्मान की बात है कि मुझे पार्ल रॉयल्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। यह सभी के लिए एक रोमांचक समय है। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के साथ और मैं वास्तव में कुछ असाधारण अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय खिलाड़ियों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। ड्रेसिंग रूम में साझा ज्ञान और अनुभव वह है जिसे लेकर मैं सबसे ज्यादा उत्साहित हूं। पार्ल रॉयल्स ने इससे पहले इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जोस बटलर, वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज ओबेद मैककॉय और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर और कॉर्बिन बॉश के साथ करार किया है।



# वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2022 में दौड़ते दिखेंगे विश्व रिकार्डधारी जैकब किप्लिमो

**नई दिल्ली।** युगांडा के विश्व हाफ मैराथन रिकॉर्डधारी धावक जैकब किप्लिमो रविवार 16 अक्टूबर को दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित रोड रेस में से एक और वर्ल्ड एथलेटिक्स एलीट लेबल इवेंट में - वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2022 में दौड़ते हुए दिखेंगे।

21 साल के किप्लिमो ने साल 2020 में आयोजित विश्व एथलेटिक्स हाफ मैराथन चैंपियनशिप का खिताब जीता था। इसी तरह बीते साल किप्लिमो ने लिस्बन में 57.31 मिनट के असाधारण रिकार्ड समय के साथ विश्व हाफ मैराथन चैंपियन का ताज हासिल किया था।

युगांडा के इस युवा स्टार के लिए साल 2022 अब तक शानदार रहा है। फरवरी में रास अल खैमाह (यूएई) में आयोजित आरएके हाफ मैराथन 57:56 मिनट समय में जीतने के बाद किप्लिमो ने पिछले रविवार को ग्रेट नॉर्थ रन हाफ मैराथन भी जीता था। यह इवेंट 'द बेस्ट हाफ मैराथन इन द वर्ल्ड' के अनौपचारिक खिताब की दौड़ में वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन को चुनौती देता है।




इस साल गर्मियों के दौरान, किप्लिमो ने ट्रैक पर ध्यान केंद्रित किया और पिछले महीने आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में 5000 मीटर और 10,000 मीटर स्पर्धा का स्वर्ण जीतने के अलावा विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10,000 मीटर का कांस्य पदक अपने नाम किया। इथियोपिया के एम्डेवर्क वालेलेगन ने 2020 में दिल्ली में 58-53 मिनट समय के साथ दिल्ली में कोर्स रिकॉर्ड को सुधारा था लेकिन किप्लिमो का मानना है कि वह अगले महीने भारत की अपनी पहली यात्रा के दौरान भारतीय धरती पर अब तक की सबसे तेज हाफ मैराथन दौड़ सकते हैं। किप्लिमो ने कहा, मुझे बताया गया है कि वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन कोर्स काफी तेज है और रिकॉर्ड बताता है कि आप वहां तेजी से दौड़ सकते हैं। आप जो करने जा रहे हैं उसके बारे में भविष्यवाणियां करना हमेशा खतरनाक होता है, लेकिन मैं जो कह सकता हूं दिल्ली जाने से एक महीने पहले तक मैं अच्छी स्थिति में हूं, और मैं विशेष रूप से अगले कुछ सप्ताह तक इस रेस पर ध्यान केंद्रित करूंगा।

किप्लिगो ने आगे कहा, अब तक मेरे पास एक सफल ट्रैक सीजन है। हालांकि मैं विश्व चैंपियनशिप में थोड़ा बेहतर करना चाहता था, लेकिन मैंने इस साल बहुत ज्यादा रेस में हिस्सा नहीं लिया, इसलिए मैं अभी भी फिट और तरोताजा हूं और दिल्ली और भारत के लोगों को दिखाना चाहता हूं कि मैं क्या करने में सक्षम हूं। ÷

इस रेस के 17वें संस्करण के लिए एक नया टाइटल स्पांसर आयोजकों को मिला है। रेस प्रमोटर प्रोकैम इंटरनेशनल ने इसके लिए भारत के प्रमुख प्राकृतिक संसाधन समूह- वेदांता लिमिटेड के साथ हाथ मिलाया है। इस रेस के लिए 268,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि रखी गई है, और अंतरराष्ट्रीय इलीट वर्ग में पुरुष और महिला खिताब जीतने वालों को 27,000 अमेरिकी डॉलर का पहला पुरस्कार मिलेगा।

# हॉकी के विशेष प्रशिक्षण शिविर के लिए 27 महिला और 27 पुरुष खिलाड़ियों की सूची जारी

**रांची।** गुजरात में 30 सितंबर से आयोजित होने वाले 36वें राष्ट्रीय खेल में हिस्सा लेने के लिए हॉकी झारखंड के विशेष प्रशिक्षण शिविर के लिए 27 महिला एवं 27 पुरुष खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी गई है।

शिविर के लिए चयनित इन 54 खिलाड़ियों का 16 सितंबर से 26 सितंबर तक रांची में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाना है। इनमें से बेहतर 18 महिला एवं 18 पुरुष हॉकी खिलाड़ियों को चयनित कर राष्ट्रीय खेल के लिए हॉकी झारखंड टीम से खेलने का अवसर दिया जाएगा। शिविर के लिए पुरुष और महिला टीम में शामिल खिलाड़ियों की लिस्ट हॉकी झारखंड के महासचिव बिजय शंकर सिंह ने गुरुवार को जारी की है। इसमें पुरुष टीम में 27 प्लेयर्स सेलेक्ट हुए हैं। इनमें साई-रांची के अमन दीप तिग्गा, अल्बर्ट डुंगडूंग, विजय खेस, लव लाइट कुजूर, अनुरूद्ध भेंगरा, रोहित बेसरा शामिल हैं। इसके अलावा चयनितों में सुशरूण पूर्ति, नोएल टोपनो, नवीन केरकेट्टा, जेन सोरेंग, बिरसा ओड़ेया, डेनिस केरकेट्टा, सेम मुंडा, सिमोन बोदरा, सुखनाथ गुड़िया, अभिषेक कुमार साहू, असीम तिर्की और दीपक सोरेंग शामिल हैं। स्टैंड बाई में बिलास कंडूलना, मनोहर मुंडू, एल्फोंस गुड़िया, देवनीश सोय, अभिषेक गुड़िया, प्रेम केरकेट्टा, बिरसा भेंगरा, डेविड धनवार, भीमसेन किस्कू को रखा गया है। दूसरी ओर महिला टीम में 18 प्लेयर्स मुख्य लिस्ट में हैं। इनमें सोनल मिंज, निक्की प्रधान (ओलंपियन), सलीमा टेटे (ओलंपियन), महिमा टेटे, रोपनी कुमारी, स्मिता मिंज, सुभाषी हेंब्रम, दिप्ती कुल्लू, संगीता कुमारी, दीपिका सोरेंग, ब्यूटी डुंगडुंग, काजल बारा, अल्बेला रानी टोपनो, प्रमिला सोरेंग, बालो होरो, बिनिमा धान, रजनी केरकेट्टा, अंजलि बिंझिया शामिल हैं।

# विदेश संदेश

## ग्वाटेमाला में भगदड़; नौ लोगों की मौत

**ग्वाटेमाला सिटी।** ग्वाटेमाला में मची भगदड़ में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। साथ ही देश के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित समारोह में भी 20 लोगों के घायल होने की सूचना है। यह भगदड़ एक कॉन्सर्ट के दौरान हुई है। कॉन्सर्ट का आयोजन मैदान में किया गया। कॉन्सर्ट में रॉक बैंड बोहेमिया का जलवा देखने के लिए भारी भीड़ थी। समापन के बाद मैदान से बाहर आने के लिए भीड़ अनियंत्रित हो गई। इस दौरान मची भगदड़ में गिरकर नौ लोगों ने दम तोड़ दिया। बारिश की वजह से मैदान में कीचड़ भी था।

## स्वीडन की प्रधानमंत्री एंडरसन ने पद से दिया इस्तीफा

**कोपेनहेगन।** स्वीडन की प्रधानमंत्री मैग्डेलेना एंडरसन ने एक दक्षिणपंथी समूह के देश की संसद में सामान्य बहुमत हासिल करने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया। एंडर्सन ने स्वीडन की 349



सीटों वाली रिक्सडैग के अध्यक्ष एंड्रियास नोरलेन से मुलाकात की और उन्हें अपने इस्तीफे के बारे में औपचारिक सूचना दी। नई सरकार बनने तक एंडरसन कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनी रहेंगी।

उम्मीद है कि नॉरलेन मध्य-दक्षिणपंथी मॉडरेट पार्टी के नेता उल्फ क्रिस्टर्सन से एक शासी गठबंधन बनाने की कोशिश करने के लिए कहेंगे। रविवार के आम चुनावों के बाद, दक्षिणपंथी ब्लॉक के पास 176 सीटें हैं, जबकि सोशल डेमोक्रेट्स वाले मध्य-वाम ब्लॉक के पास 173 सीटें हैं। 99.9 प्रतिशत वोटों की गिनती हो जाने के बाद, एंडरसन ने हार स्वीकार कर ली।

## उज्बेकिस्तान में हुई शी-पुतिन की मुलाकात, आपसी संबंधों को मजबूत बनाने पर हुई चर्चा

**समरकंद।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने मुलाकात कर दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में यूक्रेन के धीरे-धीरे मजबूत होने की पृष्ठभूमि में दोनों नेताओं की मुलाकात हुई है। शांघाई को-ऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन (एससीओ) की आठ देशों की बैठक से इतर उज्बेकिस्तान में दोनों देशों के राष्ट्रपतियों की



मुलाकात हुई। एससीओ का गठन अमेरिका के बढ़ते प्रभाव के मद्देनजर किया गया है जिसमें भारत, पाकिस्तान और मध्य एशिया में पूर्व सोवियत संघ के चार देश शामिल हैं। एससीओ की बैठक में यूक्रेन पर रूस के हमले के अलावा उज्बेकिस्तान के पड़ोसियों आर्मेनिया और आजरबैजान के बीच तनाव और तकनीक, सुरक्षा तथा सीमा के मुद्दों को लेकर चीन के साथ अमेरिका, यूरोप, जापान और भारत के संबंधों में आए तनाव पर भी चर्चा हुई। शी के साथ अपनी बैठक से पहले पुतिन ने कड़े शब्दों में अमेरिका की आलोचना करते हुए यूक्रेन मुद्दे को अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा अपना वैश्विक दबदबा बनाए रखने का 'खराब' प्रयास बताया।

## चीन के शंघाई में तबाही मचाने के बाद पूर्वी तट की ओर बढ़ा 'मुइफा'

**बीजिंग।** 'मुइफा' तूफान चीन के पूर्वी तट की ओर बढ़ रहा है। इससे पहले, बीती रात तूफान के चलते शंघाई शहर में तेज हवाएं चलीं और भारी बारिश हुई। चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, देर रात तूफान के तट से टकराने के बाद अधिकतम 125 किलोमीटर (77 मील) प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं, लेकिन सुबह तक तूफान कमजोर होकर ऊष्णकटिबंधीय चक्रवात में बदल गया। इसके जियांग्सू प्रांत के पूर्वी हिस्सों की तरफ बढ़ते सम और कमजोर होने का पूर्वानुमान है। शंघाई क्षेत्र में तूफान से किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली है और सार्वजनिक परिवहन सेवाएं फिर से शुरू की जा रही हैं।

# शहबाज शरीफ ने माना- 75 साल से भीख का कटोरा लेकर भटक रहा पाकिस्तान

### वकीलों के सम्मेलन में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री का दर्द

**इस्लामाबाद।** भीषण आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का दर्द वकीलों के एक सम्मेलन में छलक पड़ा और वे यहां तक कह बैठे कि अब तो मित्र देश भी पाकिस्तान को भीख मांगने वाले के रूप में देखने लगे हैं। बाढ़ की तबाही से त्रस्त उनका देश 75 साल से भीख का कटोरा लेकर दुनिया के सामने भटक रहा है। पहले से आर्थिक संकट से परेशान पाकिस्तान में आई भीषण बाढ़ ने संकट और बढ़ा दिया है। इस कारण पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस्लामाबाद में वकीलों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के मुंह से यह दर्द निकल ही पड़ा। उन्होंने कहा कि आज जब हम किसी मित्र देश में जाते हैं या उनको फोन करते हैं, तो वे सोचते हैं कि हम उनके पास पैसे मांगने आए हैं। शरीफ ने कहा कि छोटी अर्थव्यवस्थाओं ने भी पाकिस्तान को पीछे छोड़ दिया है और हम पिछले 75 साल से भीख का कटोरा लेकर भटक रहे हैं। प्रधानमंत्री शरीफ ने साफ कहा कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पहले से ही अत्यधिक चुनौतीपूर्ण स्थिति का सामना कर रही थी। बीते दिनों आई बाढ़ ने इसे और कठिन बना दिया है। 30 वर्षों में आई सबसे भीषण बाढ़ के कारण तीन महीने में ही 1400 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और तीन करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश को बारिश और बाढ़ की वजह से 40 अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

## पाकिस्तान में आटे की कीमत 100 रुपये लीटर, ट्रोलर्स के निशाने पर आए इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इनदिनों एक लीटर आटा 100 रुपये पहुंच गया है। जी हां, ऐसा हम नहीं कह रहे है, यह दावा पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने किया है। उनके इस बयान पर इमरान को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है। ट्रोलर्स के निशाने पर ये आटे की कीमत किलोग्राम की जगह लीटर पर बताने वाले बयान पर आए हैं। महंगाई पर वो पाकिस्तान की सतारूढ़ पार्टी पर सवाल उठा रहे थे। सत्ता से बेदखल होने के बाद इमरान खान मौजूदा सरकार पर सवाल उठाते रहते है। भले ही वो मुद्दा देश में बढ़ती महंगाई हो या फिर बढ़ता कर्ज, बेबाकी के साथ मौजूदा सरकार को घेरते रहते है। शहबाज सरकार को महंगाई के मुद्दे पर इमरान ने भाषण देते हुए कहा कि, पाकिस्तान की आवाम को सबसे ज्यादा तकलीफ देश में बढ़ती महंगाई से हो रही है। उन्होंने कहा कि, हमारी सरकार में देश में एक किलो आटे की कीमत 50 रुपये थी। आज कराची में आटा 100 रुपये लीटर चला गया है। महंगाई पर भाषण देते हुए इमरान ने कहा कि, देश को कलह और अराजकता से बचाना चाहते हैं, तो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की तुरंत घोषणा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मुझे दूसरा डर यह है कि जब तक पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिरता नहीं आती, तब तक कोई आर्थिक स्थिरता नहीं हो सकती। पूर्व क्रिकेटर इमरान खान ने 2018 में पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री के तौर पर सत्ता की कमान संभाली थी। लेकिन दूसरी पार्टी की तरह इनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सकी। इसी साल पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ ने 23वें प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली।

# आठ अफ्रीकी चीते लाने के लिए नामीबिया पहुंचा विशेष कार्गो विमान

### प्रधानमंत्री अपने जन्मदिन पर मध्य प्रदेश के कूनो-पालपुर राष्ट्रीय उद्यान में प्रवेश कराएंगे

**विंडहोक।** नामीबिया और भारत के रिश्तों में अब चीते भी भूमिका निभाएंगे। नामीबिया से आठ अफ्रीकी चीते लाने के लिए एक विशेष कार्गो विमान नामीबिया पहुंचा तो भारतीय दूतावास ने ट्विट किया कि 'बाघों की धरती से सद्भावना राजदूत ले जाने के लिए शौर्य की धरती पर उतरा एक विशेष पक्षी'। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने जन्मदिन पर 17 सितंबर को इन चीतों को मध्य प्रदेश के कूनो-पालपुर राष्ट्रीय उद्यान में प्रवेश कराएंगे। भारत में 1952 में चीता को विलुप्त प्राणी घोषित किया जा चुका है। भारत में चीतों को फिर से बसाने के प्रोजेक्ट के तहत 1970 के दशक में भारत सरकार ने इस प्रजाति के पुनर्जीवन की कोशिशें शुरू की थीं। इस साल 20 जुलाई को नामीबिया के साथ एक समझौता हुआ जिसके तहत चीता प्रतिस्थापन कार्यक्रम शुरू करने के लिए नामीबिया आठ चीते भारत को दे रहा है।

इन्हीं आठ चीतों को लाने के लिए चीतों की तस्वीर वाला एक विशेष रूप से तैयार बोइंग 747-



400 विमान नामीबिया भेजा गया है। इस स्पेशल विमान पर चीतों की खूबसूरत पेंटिंग की गई है। इसी विमान की तस्वीर के साथ नामीबिया स्थित भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, 'बाघों की धरती से सद्भावना राजदूत ले जाने के लिए शौर्य की धरती पर उतरा एक विशेष पक्षी'। इस ट्वीट को जबर्दस्त सराहना मिल रही है और लोग उत्साहित हैं। नामीबिया से भारत लाए जा रहे आठ चीतों से तीन नर और पांच मादा हैं। नर चीतों में से दो की उम्र साढ़े पांच साल और एक की साढ़े चार साल है। नर चीतों में दो भाई हैं जो नामीबिया में ओत्जीवारोंगो के पास 58 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में फैले निजी अभयारण्य में जुलाई, 2021 से रह रहे हैं। ये चीते कार्गो विमान से 17 सितंबर को सुबह जयपुर पहुंचेंगे। वहां से इन्हें हेलीकॉप्टरों से मध्य प्रदेश के कुनो नेशनल पार्क तक लाया जाएगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 17 सितंबर को ही जन्मदिन है। इसे भारतीय प्रधानमंत्री के जन्मदिन की सौगात भी माना जा रहा है, क्योंकि वे ही क्वारंटाइन सेंटर से इन चीतों को मध्य प्रदेश के कुनो नेशनल पार्क में छोड़ेंगे।

## बाइडन के हस्ताक्षर के बाद अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों में चीन को निवेश करने में होगी मुश्किल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर एक कार्यकारी आदेश पर राष्ट्रपति जो बाइडन के हस्ताक्षर करने के बाद चीन को अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों में निवेश करने में मुश्किल होगी।

बाइडन प्रशासन के मुताबिक इस कार्यकारी आदेश का लक्ष्य राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना है। दरअसल, अमेरिकी प्रौद्योगिकी क्षेत्र में चीनी निवेश पर लगाम लगाने के लिए अमेरिका द्वारा यह कदम उठाया जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस की ओर से जानकारी दी गई कि यह कदम किसी खास देश के खिलाफ नहीं उठाया जा रहा है।

यह आदेश अमेरिका में विदेशी निवेश पर निगरानी रखने वाली समिति द्वारा निरीक्षण को बढ़ावा देगा। बता दें कि सीएफआईयूएस (सीएफआईयूएस) नामक समिति अमेरिका में विदेशी निवेश और कंपनियों के मर्जर से जुड़े मामलों की निगरानी करती है। सीएफआईयूएस नामक समिति में राज्य, रक्षा, न्याय, वाणिज्य, ऊर्जा और गृहभूमि सुरक्षा विभागों के



सदस्य मौजूद हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के पास किसी सौदे को निलंबित या प्रतिबंधित करने की शक्ति होती है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वक्त से अमेरिका के प्रौद्योगिकी क्षेत्र और कई क्षेत्रों में चीन ने अपना कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। इस बात को लेकर अमेरिका काफी चिंतित है। साल 2018 के कानून ने सैन्य ठिकानों या अन्य संवेदनशील राष्ट्रीय सुरक्षा सुविधाओं के पास कुछ संयुक्त उद्यमों, अल्पसंख्यक दांव और अचल संपत्ति सौदों की समीक्षा करने के लिए सीएफआईयूएस की निगरानी का विस्तार किया। एक रिपोर्ट के अनुसार चीनी कंपनियां अमेरिकी कानून में खामियों का फायदा उठा रही थीं और अनुचित तरीके से तकनीक और संभवतः संवेदनशील जानकारी प्राप्त कर रही थीं। अमेरिकी सांसदों ने भी चिंता व्यक्त की है कि चीनी कंपनियां संवेदनशील प्रौद्योगिकी तक पहुंच हासिल करने के लिए विदेशी कंपनियों के साथ काम कर रही थीं।

## 'भारत और अमेरिका सबसे अच्छे दोस्त' : लीक वीडियो में नया नारा देते दिखे डोनाल्ड ट्रंप, लगने लगीं अटकलें

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नवंबर में मध्यावधि चुनाव से पहले प्रभावशाली भारतीय-अमेरिकी समुदाय को लुभाने के लिए भारत-अमेरिका की मित्रता के संबंध में हिंदी में तैयार एक नारे का अभ्यास करते नजर आए। रिपब्लिकन हिंदू कोलिशन (आरएचसी) द्वारा जारी वीडियों में ट्रंप 'भारत एंड अमेरिका सबसे अच्छे दोस्त' नारे का अभ्यास करते दिख रहे हैं। 30 सेकंड के इस वीडियो में ट्रंप शिकागो के कारोबारी एवं आरएससी के सदस्य शलभ कुमार के साथ बैठे नजर आ रहे हैं। यह नया नारा ट्रंप के 2016 के 'अबकी बार ट्रंप सरकार' नारे से प्रेरित है।

इस नारे ने भारतीय अमेरिकियों का ध्यान आकर्षित किया था और कई प्रमुख प्रांतों में रिपब्लिकन पार्टी को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। 'अबकी बार ट्रंप सरकार' और 'भारत एंड अमेरिका सबसे अच्छे दोस्त' के नारे तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले कुमार ने इस सप्ताह को दिए साक्षात्कार में कहा था कि उन्होंने और आरएचसी ने भारतीय-अमेरिकी समर्थन हासिल करने के लिए भारतीय मीडिया में पूर्व राष्ट्रपति के नए नारे का प्रचार करने की योजना बनाई है। राजनीतिक पर्यवेक्षक और ताजा सर्वेक्षण इशारा करते हैं कि मध्यावधि चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी को प्रतिनिधि सभा में एक बार फिर बहुमत मिल सकता है।

कुमार ने कहा, ''मुख्य मकसद सीनेट में पांच (रिपब्लिकन) उम्मीदवारों के लिए भारी समर्थन जुटाना है, जहां मतों का अंतर 50,000 से भी कम रहेगा और कुछ सीट पर तो यह 10,000 या पांच हजार मत के आसपास भी रह सकता है।' उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, ''हिंदू मतों से अंतर पड़ेगा। इनमें स्वतंत्र मतदाताओं की सबसे बड़ी संख्या है।' कुमार और आरएचसी 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में



ट्रंप के प्रचार अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा थे, लेकिन 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में दोनों अलग हो गए थे। कुमार ने कहा कि उन्होंने इस साल 21 मार्च को मार-ए-लागो में ट्रंप से मुलाकात की थी। उसके बाद भी दोनों के बीच कुछ बैठकें हुई हैं। अमेरिका के पंजीकृत मतदाताओं में करीब एक प्रतिशत भारतीय-अमेरिकी हैं।

# ऑकुस डील का एक साल, गहराया संदेह, उठे नए सवाल

**कैनबरा।** साल भर पहले अमेरिका ने ऑकुस (ऑस्ट्रेलिया-यूनाइटेड किंगडम- यूनाइटेड स्टेट्स) सुरक्षा संधि का औचक एलान किया था। घोषणा की गई थी कि इस संधि के तहत अमेरिका और ब्रिटेन की मदद से ऑस्ट्रेलिया परमाणु क्षमता वाली पनडुब्बियों का निर्माण करेगा। इस करार के लिए ऑस्ट्रेलिया ने फ्रांस से पनडुब्बी निर्माण का करार तोड़ दिया था। इस कारण फ्रांस का इन तीनों देशों से रिश्ता तनावपूर्ण हो गया था। तब विश्लेषकों ने कहा था कि चीन का मुकाबला करने की प्राथमिकता के कारण ये तीनों देश करीब आए हैं। लेकिन साल भर बाद ऐसा नहीं लगता कि ऑकुस से जो उम्मीद जोड़ी गई थी, वह पूरी हुई है। बल्कि प्रशांत क्षेत्र में चीन की सैनिक गतिविधियां और तेज हो गई हैं। हाल ही में चीन ने रूस के साथ मिल कर इस क्षेत्र में एक बड़ा सैनिक अभ्यास किया। छह महीने पहले ऑस्ट्रेलिया के तत्कालीन रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने ऑकुस के तहत अमेरिका और ब्रिटेन में मौजूद पनडुब्बियों की तर्ज पर ऑस्ट्रेलियाई पनडुब्बी के निर्माण की घोषणा की थी। लेकिन बताया गया है कि ये पनडुब्बियां 2040 में जाकर तैयार हो पाएंगी। ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख थिंक टैंक लॉवी इंस्टीट्यूट से जुड़े विशेषज्ञ सैम रॉगवीन ने इस बारे में अखबार द गार्जियन से कहा- 'कई अरब डॉलर की लागत से बनने वालीं ये पनडुब्बियां दूर भविष्य की बात हैं। इस बीच हमारी कॉलिन्स क्लास की पनडुब्बियां पुरानी पड़ रही हैं।' विशेषज्ञों के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया में अब महसूस किया जा रहा है कि चीन का खतरा बढ़ रहा है, जबकि ऑस्ट्रेलियाई सेना की क्षमता जरूरत से बहुत कम है। इसे देखते हुए देश में ऑकुस डील को लेकर संदेह गहराया है। पूछा जा रहा है कि जब तक ये पनडुब्बियां तैयार होंगी, क्या इनकी टेक्नोलॉजी पुरानी नहीं पड़ जाएगी?

## दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स बने गौतम अडाणी, फ्रांसीसी कारोबारी को पछाड़ा

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स बन गए हैं। अडानी इस मुकाम पर पहुंचने वाले एशिया के पहले शख्स हैं। फोर्ब्स रियल टाइम बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अडानी 153.2 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के सबसे अमीर शख्स की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। अडाणी ने ये मुकाम फ्रांसीसी व्यवसायी बर्नार्ड अर्नाल्ट को पछाड़कर हासिल किया है।

फोर्ब्स रियल टाइम बिलिनेयर इंडेक्स के ताजा रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के सबसे अमीर शख्स की सूची में टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क 273.5 अरब डॉलर नेटवर्थ के साथ पहले नंबर पर हैं। इस सूची में फ्रांसीसी कारोबारी बर्नार्ड आरनॉल्ट 153.1 अरब डॉलर नेटवर्थ के साथ तीसरे और अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस 149.7 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ चौथे नंबर पर हैं।

सूची के मुताबिक गुरुवार को अडाणी की नेटवर्थ में 5 अरब डॉलर का इजाफा हुआ, जबकि आरनॉल्ट की नेटवर्थ में 3.1 अरब डॉलर और जेफ की नेटवर्थ में 2.3 अरब डॉलर की गिरावट आई है। फोर्ब्स रियल टाइम बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक गौतम अडाणी और एलन मस्क ही ऐसे शख्स हैं, जिनकी दौलत पिछले 24 घंटे के दौरान बढ़ी है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है पाकिस्तान और अफगानिस्तान का टकराव

**इस्लामाबाद/काबुल।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ रहा टकराव अब खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। खबर है कि तालिबान और पाकिस्तान के सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें दोनों तरफ के कई लोग हताहत हुए। दोनों पक्षों ने दावा किया है कि फायरिंग दूसरी तरफ से शुरू हुई। पश्चिम एशिया की वेबसाइट दक्रैडल.को ने बताया है कि गोलीबारी में तीन पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। अब दोनों देशों के अधिकारियों ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है।

गोलीबारी की घटना अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत पकटिया और पाकिस्तान के जिले कुरम से लगी सीमा पर हुई। पाकिस्तान की सेना के जन संपर्क विभाग ने एक बयान में कहा कि अफगानिस्तान सीमा के अंदर से दहशतगर्दों ने पाकिस्तानी सैनिकों पर गोली चलाई। लेकिन तालिबान के प्रवक्ता बिलाल करीमी ने आरोप गया कि फायरिंग पहले पाकिस्तान की तरफ से शुरू हुई।

पर्यवेक्षकों के मुताबिक पहले तालिबान और पाकिस्तान के बीच करीबी रिश्ते थे। मगर बीते कई महीनों से इसमें तनाव आ गया है। पिछले महीने तनाव काफी बढ़ पाकिस्तान पर अमेरिका से मिल कर उसके खिलाफ ड्रोन हमलों की साजिश रचने का आरोप लगाया। काबुल स्थित तालिबान



सरकार ने कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में हमला करने के लिए अमेरिका को पाकिस्तानी वायु क्षेत्र का इस्तेमाल करने की इजाजत दी है।

तालिबान सरकार में रक्षा मंत्री मौलवी मोहम्मद याकूब ने तब पाकिस्तान सरकार से कहा था कि उसके वायु क्षेत्र के इस्तेमाल के बारे में उसका अमेरिका से जो समझौता हुआ है, उसे वह तुरंत रद्द करे। याकूब के बेटे हैं। याकूब ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने अफगानिस्तान के सभी रडार सिस्टमों को नष्ट कर दिया है। मगर उन्होंने कहा कि अमेरिका तालिबान को इतने अंधेरे में नहीं डाल सका है कि उसे अपने वायु क्षेत्र का 'गैर कानूनी उल्लंघन' नजर ना आए। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार ने अपने देश के वायु क्षेत्र के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। लेकिन इस वर्ष अप्रैल में इमरान खान की सरकार गिरने और शहबाज शरीफ की सरकार बनने के बाद इस नीति में बदलाव के संकेत मिले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से कर्ज दिलवाने में मदद के बदले अमेरिका को अपने वायु क्षेत्र के इस्तेमाल की अनुमति दी है।

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच एक और टकराव आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मौलाना मसूद अजहर को लेकर खड़ा हुआ है। पिछले दिनों पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि अफगानिस्तान ने मसूद अजहर को पनाह दे रखी है। पाकिस्तानी मीडिया में आई खबरों के मुताबिक पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने पत्र भेज कर तालिबान से कहा कि वह तुरंत इस आतंकवादी को पाकिस्तान के हाथों सौप दे।

इसमें कहा गया कि अजहर अफगानिस्तान के प्रांत नांगरहार में छिपा हुआ है। लेकिन तालिबान ने इस आरोप का सिरे से खंडन कर दिया। उसने यह भी कहा कि उसे इस बारे में पाकिस्तान से कोई पत्र नहीं मिला है। बाद में पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने कहा कि पत्र भेजने की बात सही नहीं है। मगर पाकिस्तानी मीडिया में कहा गया है कि अजहर को लेकर दोनों देशों में तनाव है, ये बात सरकारी अधिकारी